BOOKING HOLDINGS



# आचार संहिता



“मुझसे शुरू करते हुए हममें से हर कोई व्यक्तिग रूप से संहिता का पालन करने के लिए ज़िम्मेदार हैं। यह हम सभी पर लागू होती है और यह हर समय लागू होती है।

# हमारी संहिता, हमारी प्रतिबद्धता

हमारी विश्वव्यापी टीम के लिए,

हम ऐसे असाधारण वैश्विक व्यवसाय का नेतृत्व करते हैं जो रोज़ाना लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करता है। हमारा मिशन सभी के लिए दुनिया का अनुभव करना आसान बनाना है, लेकिन इसका कुछ मतलब नहीं रहेगा अगर हम इसे उद्देश्य के साथ पूरा नहीं करते हैं और अपने मूल्यों के प्रति ईमानदार नहीं बने रहते हैं।

हमारे मूल्य वे सिद्धांत हैं जो हमें उद्देश्य देते हैं। विविध और समावेशी संस्कृति बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता के ज़रिये, *विविधता हमें शक्ति देती है* के अपने मूल्य को हम जीवंत करते हैं। हमें अपने कई ब्रांड में 70 से अधिक देशों में लोगों को नियोजित करने पर गर्व है और विश्वास है कि यह विविधता ही हमारी कंपनी और ब्रांड को मुख्य तौर पर अद्‌वितीय बनाती है। हम सुनने, सीखने और एक ऐसा कार्य परिवेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो पूर्वाग्रह और भेदभाव से मुक्त हो। *यह पूर्ण ईमानदारी के हमारे मूल्य के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का हिस्सा है* – ऐसा जुड़ाव जो हमें एकजुट करता है और जो हमारे हर एक कार्य में रचा-बसा है। यह न सिर्फ़ हमारे मूल्यों में, बल्कि हमारी संहिता में भी निहित है, जो इसे ज़रूरी बनाती है कि हम अपने कार्यों और निर्णयों की ज़िम्मेदारी लें।

हमारी संहिता, सिर्फ़ हमारे कानूनी और नैतिक मानकों के बारे में मार्गदर्शन ही नहीं देती। यह आपके, मेरे और हमारे समुदाय के बीच एक संक्षिप्त अनुबंध है। हमारी संहिता, हमें बताती है कि आप कंपनी और अपने सहकर्मियों से क्या उम्मीद कर सकते हैं, साथ ही यह भी बताती है कि आपकी कंपनी, आपके सहकर्मी आपसे क्या उम्मीद कर सकते हैं।

मुझसे शुरू करते हुए हममें से हर कोई व्यक्तिगत रूप से संहिता का पालन करने के लिए ज़िम्मेदार है। यह हम सभी पर, और हर समय लागू होती है।

मैं आपको इसे ध्यान से पढ़ने के लिए कहता हूँ ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कर्मचारी के रूप में मैं आपको जो कह रहा हूँ, उसे आप समझते हैं। अगर संहिता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के बारे में आपका कोई प्रश्न है, तो अपने प्रबंधक, अनुपालन अधिकारी, एथिक्स एम्बेसेडर या मुझसे भी इस बारे में पूछने से न हिचकिचाएँ।

मेरे लिए यह बहुत ज़रूरी है कि अगर आपको कुछ ऐसा दिखाई देता है, जो सही नहीं है, तो आवाज़ उठाएँ। हम आपको ऐसा सुरक्षित वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहाँ विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ावा दिया जाता है। हम ऐसे किसी भी व्यक्ति के प्रति विरोध सहन नहीं करते, जो नेकनीयती से कोई चिंता व्यक्त करता है।

उच्च अखंडता वाली संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आपके समर्पण, कठिन परिश्रम और निरंतर प्रतिबद्धता के साथ ही हमारे उद्देश्य को अपनाने और इस टैगलाइन का पालन करने के लिए धन्यवाद: *सही परिणाम, सही तरीका*.



ग्लेन फ़ोगल
अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी

# हमारे मूल्य

### हर तरह के अनुभव, हर किसी के लिए।

हमारा यह मानना है कि दुनिया का अनुभव करना आसान बनाकर, हम मानवता को बेहतर बनाने की अपनी ज़िम्मेदारी निभा रहे हैं।

### निरंतर नवाचार की ओर।

हमें कभी भी मौजूदा स्थिति से संतुष्ट नहीं रहना चाहिए, और हर दिन इस सवाल से शुरू करना चाहिए - आज हम कैसे कुछ नया कर सकते हैं?

### विविधता हमें मज़बूती प्रदान करती है।

हम विविध विचारों, लोगों और अनुभवों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

### पूरी सत्यनिष्ठा से।

हम हमेशा सही काम करने और ईमानदारी और जवाबदेही के साथ सफलता हासिल करने की कोशिश करेंगे।

### समग्रता हमारे हिस्सों से बड़ी है।

हमारी मज़बूती हमारे लोगों में निहित है और दुनिया का अनुभव लेने में हर किसी की मदद करने के काम को आसान बनाने के हमारे अभियान की सफलता, एक टीम के रूप में काम करने की हमारी क्षमता पर निर्भर है।

THE
RIGHT RESULTS
THE RIGHT WAY

Booking Holdings, ऑनलाइन यात्रा और इससे संबंधित सेवाओं में दुनिया का प्रमुख प्रदाता है जो उपभोक्ताओं से सीधे संपर्क वाले इन छह प्राथमिक ब्रांडों के ज़रिये 220 से भी अधिक देशों में उपभोक्ताओं और स्थानीय भागीदारों को अपनी सेवाएँ प्रदान करता है: Booking.com, Priceline, Agoda, Rentalcars.com, KAYAK और OpenTable। Booking Holdings का संचालन सामूहिक रूप से, पूरे यूरोप, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, एशिया-प्रशांत क्षेत्र, मध्य-पूर्व और अफ़्रीका में 40 से अधिक भाषाओं में होता है।

# विषय सूची


परिचय ....5
रिपोर्ट करना और जाँच करना ....9
कार्यस्थल का सम्मान ....13
पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन (ESG) ....17
रिश्वतरोधी और भ्रष्टाचार-विरोधी ....21
वित्तीय सत्यनिष्ठा और रिपोर्ट करना ....24
उपहार और हितों का संघर्ष ....29
निष्पक्ष प्रतियोगिता और विश्वासरोधी ....34
अंतर्राष्ट्रीय व्यापार ....36
अनधिकृत व्यापार ....38
गोपनीयता और डेटा सुरक्षा ....40
कंपनी की संपत्तियों की सुरक्षा ....42
उचित व्यवहार ....45
सोशल मीडिया और सार्वजनिक संचार ....47
निष्कर्ष ....49


*इस संहिता में चित्रों के चयन के बारे में टिप्पणी: चयनित ब्रेक पेज फ़ोटो का चयन इसलिए किया गया है क्योंकि वे महज़ ऐसी कुछ अद्भुत प्रेरणादायक जगहों का अनुभव लेते लोगों को दर्शाते हैं जिनमें हम आवास, उड़ानों, रेस्टोरेंट आरक्षण और किराये पर कार की सुविधा प्रदान करते हैं।*



# परिचय

*फ़ैज़ में सभी रंगों, पैटर्न, खुशबुओं, नज़ारों और कहानियों की खोजबीन करते हुए।*
#bazaarmorocco #marketplacefinds
फ़ैज़, मोरक्को

## हमारी आचार संहिता का उद्देश्य

हम व्यवसाय को नीतिपूर्ण, कानूनी रूप से और ऐसे तौर-तरीकों से करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिनमें हमारी टैगलाइन *सही परिणाम, सही तरीका* की पूर्ति प्रदर्शित होती है।

यह आचार संहिता ("संहिता") उन कानूनी, नैतिक और विनियामक आवश्यकताओं और नीतियों को सारांशित करती है जो कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हमारे वैश्विक व्यवसाय को नियंत्रित करती हैं। इसी तरह, इस संहिता में यह जानकारी दी गई है कि संभावित उल्लंघनों की रिपोर्ट कैसे करनी है या आवश्यकता होने पर अतिरिक्त मार्गदर्शन कैसे प्राप्त करना है।

इस संहिता का उद्देश्य उस हर समस्या या परिस्थिति को शामिल करना नहीं है जिनसे आपका सामना हो सकता है। इसके बजाय इसे कंपनी की ज़्यादा विस्तृत नीतियों और आपकी कर्मचारी पुस्तिका के साथ मार्गदर्शिका के तौर पर उपयोग करने के लिए तैयार किया गया है। अगर आप किसी विशेष स्थिति से निपटने के बारे में सुनिश्चित नहीं हों, तो कार्रवाई करने के पहले पूछें और अपने प्रबंधक या इस संहिता में दिए गए किसी संसाधन से संपर्क करें।

## हमारी संहिता का कार्यक्षेत्र


यह महत्वपूर्ण है कि आप संहिता को पढ़ें और इसके सिद्धांतों का पालन करें। हमारी संहिता Booking Holdings की सभी कंपनियों के साथ या उनके लिए काम करने वाले हर व्यक्ति पर लागू होती है। इसमें Booking.com, KAYAK, Priceline, Agoda, OpenTable और उनके सभी सहयोगी शामिल हैं (प्रत्येक को व्यक्तिगत और समग्र रूप से "कंपनी" या "Booking Holdings" कहा जा सकता है)। कंपनी के सभी निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों, चाहे वे कहीं भी स्थित हों, से संहिता के बारे में जानने और इसमें बताए गए लागू होने वाले सिद्धांतों और प्रक्रियाओं का पालन करने की उम्मीद की जाती है।

## हमारे दायित्व


हम एक ऐसी वैश्विक कंपनी है जो हर उस देश में लागू होने वाले कानूनों के अनुसार प्रचालन करने के लिए प्रतिबद्ध है जहाँ यह व्यवसाय करती है। गैरकानूनी या अनैतिक साधनों से परिणाम प्राप्त करना अस्वीकार्य है। हम आपसे अपेक्षा करते हैं कि आप सत्यनिष्ठा की हमारी प्रतिबद्धता से समझौता करने वाला कोई काम नहीं करेंगे– अनुचित तरीके से व्यवसाय करने के बजाय इसे खो देना बेहतर है।

निदेशक मंडल ने यह सुनिश्चित करने के लिए इस संहिता को स्वीकार किया है:

- निष्पक्ष सौदेबाज़ी और हितों के संघर्ष से नैतिक रूप से निपटने सहित ईमानदार और नैतिक आचार
- लागू कानूनों और सरकारी नियमों और विनियमों के साथ अनुपालन
- गलत काम करने से बचना



# THE RIGHT RESULTS THE RIGHT WAY




बड़ा करने के लिए क्लिक करें

## कौन सा कानून लागू होता है?


हम पूरी दुनिया में 220 से अधिक देशों और क्षेत्रों में व्यवसाय करते है। इसके परिणामस्वरूप, हमारे प्रचालन कई देशों, प्रांतों, राज्यों और नगरीय प्रशासनों, और यूरोपीय संघ जैसे संगठनों के कानूनों के अधीन हैं।

ई-कॉमर्स की सीमापार प्रकृति, हम सभी के लिए यह समझना ख़ासतौर से चुनौतीपूर्ण बनाती है कि ये कानून हमारे प्रचालनों और व्यवसाय पर किस प्रकार लागू हो सकते हैं। इस संहिता और अन्य नीतियों में यूनाइटेड स्टेट्स और उन अन्य देशों के कानूनों के संदर्भ, जहाँ हम व्यवसाय करते हैं, इस बात को प्रदर्शित करते हैं कि हम वास्तव में एक वैश्विक कंपनी हैं जिसे एक साथ कई अलग-अलग कानूनों द्वारा संचालित किया जाता है। कुछ स्थितियों में, दो या अधिक देशों के लागू होने वाले कानूनों में विरोध हो सकता है। जब आपको ऐसा विरोध मिले या इसका संदेह हो, तो मार्गदर्शन के लिए अपने अनुपालन और नैतिकता अधिकारी या अपने कानूनी विभाग से सलाह लें।

## सरकार की पूछताछ का उत्तर देना

कानून को लागू करने के लिए ज़िम्मेदार सरकारी एजेंसियाँ कभी-कभी हमसे पूछताछ भी करती हैं। हम सहयोग और पारदर्शिता की भावना से जानकारी के लिए आने वाले उचित और वैध सरकारी अनुरोधों का सही, तीव्र और सटीक जवाब देंगे। अगर कोई सरकारी एजेंसी आपसे संपर्क करती है, तो यह महत्वपूर्ण है कि आप तुरंत अपने अनुपालन अधिकारी या कानूनी विभाग से संपर्क करें।

साइट विज़िट, छापों या सरकारी एजेंसी से जानकारी का अनुरोध करने की आपकी ब्रांड कंपनी की ख़ास नीतियाँ हो सकती हैं। सुनिश्चित करें कि आप इन नीतियों को जानते और समझते हैं।




## THE RIGHT RESULTS THE RIGHT WAY

### कर्मचारियों के रूप में हमारे नैतिक दायित्व निम्न हैं:

- संहिता के सिद्धांतों को जानना
- संहिता के अनुसार निर्णय लेना
- जहाँ हम/आप व्यवसाय करते हैं, उन न्यायाधिकार क्षेत्रों के कानूनों और विनियमों को जानना और उनका अनुपालन करना
- इस संहिता के साथ असंगत सभी उल्लंघनों या कार्यों की रिपोर्ट करना

अगर आप सुनिश्चित न हों, तो *कार्य करने के पहले पूछ लें*!

...और कृपया हमेशा समय पर अपना ऑनलाइन और व्यक्तिगत अनुपालन प्रशिक्षण पूरा करें! *सही परिणाम, सही तरीका* को प्राप्त करने की हमारी प्रतिबद्धता का वे ज़रूरी हिस्सा हैं।

### प्रबंधकों की अतिरिक्त जिम्मेदारियां निम्न हैं:

- उदाहरण और निर्देशन, दोनों के द्वारा अपने अधीनस्थ कर्मचारियों में संहिता के अनुपालन को बढ़ावा देना
- जवाबदेही और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को बढ़ावा देना, उसे उत्पन्न करना और उसे पुरस्कृत करना
- अपने अधीनस्थ व्यक्तियों द्वारा संहिता का अनुपालन करने की निगरानी करें
- संहिता को एकरूपता से लागू करना
- सुनिश्चित करें कि आपके विभाग या टीम में उपयुक्त अनुपालन नियंत्रणों को लागू और संचालित भी किया गया है
- कर्मचारियों को समस्याओं की सद्भावना से रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करें
- सुनिश्चित करें कि सद्भावना से किसी मामले की रिपोर्ट करने वाले व्यक्तियों से प्रतिशोध लेने पर कंपनी का शून्य-सहनशीलता का रवैया अपनाया जाता है और उसे सख्ती से लागू किया जाता है



# रिपोर्ट करना और जांच करना

*नए मित्र बनाना! #discoveregypt #vagabondlife*
गीज़ा, मिस्र

# रिपोर्ट करना और जाँच करना

अगर आपको ऐसी किसी भी बात का पता लगता है जो इस संहिता या लागू होने वाले कानूनों, विनियमों या कंपनी नीतियों का उल्लंघन करती है या उल्लंघन करती प्रतीत होती है, तो समस्या की तुरंत रिपोर्ट करना आपकी ज़िम्मेदारी है।

अगर आपके पास पूरी जानकारी नहीं है, तब भी तुरंत रिपोर्ट करना बहुत ज़रूरी है, ताकि योग्य व्यक्ति मामले की जाँच कर सके और सभी तथ्यों को खोज सकें तथा यह तय कर सके कि क्या वाकई उल्लंघन हुआ है। तुरंत रिपोर्ट करने से न सिर्फ़ आगे होने वाले किसी भी उल्लंघन को रोकने में मदद मिलती है बल्कि इससे साक्ष्यों को सुरक्षित रखने और किसी भी तरह की ग़लत कार्रवाई से हमारे कर्मचारियों, अधिकारियों, निदेशकों और कंपनी की सुरक्षा की जा सकती है। जब तक आप समझदारी से काम लेते हुए यह मानते हैं कि उल्लंघन हुआ है, तब तक आप सही काम कर रहे होते हैं। हमने ऐसे व्हिसलब्लोअर के विरुद्ध प्रतिशोध पर प्रतिबंध लगाने के लिए शून्य-सहनशीलता का रवैया अपनाया है, जो सद्भाव से रिपोर्ट करते हैं।

सही बात कहने के लिए अपनी आवाज़ उठाने का मतलब है कि आपने ईमानदारी से और पूरे विश्वास के साथ मामले की जाँच की है।

हमने समस्याओं की रिपोर्ट करने के कई तरीके उपलब्ध कराए हैं, ताकि आप अपने लिए सबसे सुविधाजनक तरीके का चुनाव कर सकें। आपने किसी भी तरीके का चुनाव किया हो, आपकी समस्या पर संवेदनशीलता और गंभीरता से विचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, कंपनी परिस्थिति अनुमतियों और/या संगत लागू कानून के अनुसार रिपोर्ट्स की गोपनीयता और सुरक्षा पर समान रूप से ध्यान देगी।

चाहे आप कहीं भी स्थित हों, यदि आपको लेखांकन, आंतरिक नियंत्रण, ऑडिटिंग मामले, वित्तीय रिकॉर्ड रखने, बैंकिंग या वित्तीय अपराध, रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार, या अविश्वास और प्रतिस्पर्धा से संबंधित कोई चिंता है, तो आप सीधे वैश्विक अनुपालन और नैतिकता अधिकारी को सूचित कर सकते हैं या अनुपालन हेल्पलाइन का उपयोग करते हुए आंतरिक लेखापरीक्षा विभाग को सूचित कर सकते हैं। BKNGHelpline.com, Booking Holdings के निदेशक मंडल की ऑडिट समिति या अपनी सुविधा के मुताबिक ऐसे किसी भी व्यक्ति को सूचित कर सकते हैं, जो आपकी ओर से समस्या को जांच के लिए आगे बढ़ाएगा। यदि आप ऑडिट समिति को शिकायत करना चाहते हैं, तो कृपया ऑडिट समिति शिकायत निवारण प्रक्रियाएं देखें।

## संसाधन

अगर संहिता के बारे में आपका कोई प्रश्न हो या आप किसी व्यावसायिक व्यवहार की चिंता है तो आप नीचे दिए गए संसाधनों में से किसी भी संसाधन से **संपर्क** कर सकते हैं:

- अपने प्रबंधक या सुपरवाइज़र से
- आपके स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि
- आपका स्थानीय कानूनी विभाग
- आपके कानूनी अनुपालन और नैतिकता अधिकारी
- वैश्विक अनुपालन और नैतिकता अधिकारी
- मुख्य कानूनी अधिकारी
- अनुपालन हेल्पलाइन: bknghelpline.com

## अनुपालन हेल्पलाइन

अनुपालन हेल्पलाइन, गलत चीज़ों या अनैतिक व्यवहार के बारे में अपनी आवाज़ उठाने के लिए वेब आधारित और टेलिफ़ोन-समर्थित सुरक्षित और स्वतंत्र संसाधन है।



हमारी अनुपालन हेल्पलाइन उपलब्ध कराती है:

- गोपनीय रिपोर्टिंग और अनाम बने रहने का विकल्प
- 12 भाषाओं में टेलीफ़ोन (टोल फ़्री) और वेब-आधारित रिपोर्टिंग विकल्प
- दिन के 24 घंटे और सप्ताह के 7 दिन उपलब्ध
- आपकी चिंता पर कार्रवाई करने की योग्यता, भले ही आप अनाम बने रहने का विकल्प चुनते हैं


जहाँ कानून अनुमति देता है, वहाँ आप अनुपालन हेल्पलाइन के ज़रिये अपनी चिंताओं की रिपोर्ट अनाम रूप से कर सकते हैं। हालाँकि, कृपया ध्यान रखें कि कुछ परिस्थितियों में कंपनी के लिए अनाम रूप से की गई रिपोर्ट की पूरी तरह जाँच करना मुश्किल या असंभव हो सकता है। इसलिए, हम आपको आपकी पहचान बताने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और आपको आश्वस्त करते हैं कि कंपनी परिस्थिति और/या लागू होने वाले कानून के मुताबिक रिपोर्ट की गोपनीयता बनाए रखने का पूरा प्रयास करेगी।

## मेरे दवारा किसी समस्या की रिपोर्ट किए जाने के बाद क्या होता है?

हम वास्तविक या संदिग्ध दुर्व्यवहार की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हैं। जब कंपनी को समस्याओं की रिपोर्ट की जाती है, तो हम तुरंत और गोपनीय तरीके से प्रतिक्रिया देते हैं।

हम समाधान की उपयुक्त रणनीति तय करने के लिए हर एक रिपोर्ट का मूल्यांकन करते हैं। यदि जाँच की आवश्यकता होती है, तो हम गोपनीय, पूरी तरह और उद्देश्यपूर्ण तरीके से अपनी जाँच संचालित करते हैं। हर एक कर्मचारी का दायित्व है कि वह कंपनी की जाँच में सहयोग करे और उसकी पूछताछ में सहायता करे।

यदि कंपनी यह निर्धारित करती है कि दुर्व्यवहार हुआ है, तो हम बर्खास्तगी तक और इसे शामिल करते हुए अनुशासनात्मक और रोकथाम की उचित कार्रवाई करेंगे। आपराधिक या कानून के अन्य गंभीर उल्लंघनों की स्थिति में, कंपनी उपयुक्त सरकारी प्राधिकारियों को भी सूचित कर सकती है। इसके अलावा, संहिता से जुड़ी सभी जाँचों और की गई आनुशासनात्मक कार्रवाई सहित अंतिम फैसलों की रिपोर्ट वैश्विक अनुपालन एवं नैतिकता अधिकारी, समय-समय पर वरिष्ठ प्रबंधन और निदेशक मंडल की लेखा परीक्षण समिति को करते हैं।



## संसाधन


हमारे साथी कर्मचारी, नैतिकता एम्बेसडर हैं जो नैतिकता और अनुपालन से जुड़ी समस्याओं के बारे में जागरूकता पैदा करने, हमारी संहिता, हमारी नीतियों और हमारे मूल्यों को बढ़ावा देने में हमारी मदद करते हैं और उन लोगों के लिए संसाधन के रूप में कार्य करते हैं, जो कंपनी में अनुपालन और नैतिकता के बारे में ज़्यादा जानकारी चाहते हैं।

अगर आप इस संहिता में बताए गए रिपोर्टिंग संसाधनों का उपयोग करने का फैसला करते हैं, तो हमारे नैतिकता एम्बेसडर सवाल पूछने और किसी भी चिंता की रिपोर्ट करने के तरीके के बारे में मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं।

अगर आपकी रुचि आपके क्षेत्र या विभाग में नैतिकता एम्बेसडर बनने में है, तो प्रोग्राम के बारे में अधिक जानने और यह देखने के लिए कि क्या आपके पास गुणवत्ता है, ब्रांड कंपनी अनुपालन अधिकारी से बात करें।

## हमारी गैर-प्रतिकार स्थिति

जो कर्मचारी ग़लत कार्यों की रिपोर्ट करते हैं, वे कंपनी को महत्वपूर्ण सेवा देते हैं, और सद्भाव से चिंता उठाने पर कंपनी ऐसे किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध नौकरी से जुड़े किसी भी प्रतिकूल फैसले के तौर पर (अलग करने, बर्खास्तगी, पदावनति, निलंबन, लाभों का नुकसान, धमकी, उत्पीड़न, या भेदभाव सहित) प्रतिशोध को सहन नहीं करेगी।




हर ब्रांड कंपनी सद्भाव से रिपोर्ट करने वाले व्यक्तियों की प्रतिशोध और बदले से सुरक्षा के लिए काम करेगी, और प्रतिशोध लेने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध उपयुक्त आनुशासनात्मक कार्रवाई करेगी। इसके विपरीत, ग़लत इरादे से रिपोर्ट करने वाले व्यक्तियों पर आनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जिनमें बर्खास्तगी तक और वह भी शामिल है।

सही बात कहने के लिए अपनी आवाज़ उठाने का मतलब है कि आपने ईमानदारी से और पूरे विश्वास के साथ मामले की जाँच की है।



# कार्यस्थल का सम्मान

*"हो सकता है कि मैं जहाँ पहुँचना चाहता/चाहती थी, वहाँ नहीं पहुँचा/पहुँची, लेकिन मुझे लगता है कि मैं जो पाना चाहता/चाहती थी, आख़िरकार मुझे वह मिल गया है।" #roadtrippin #letsgopeakdistrict #getaway*

पीक डिस्ट्रिक्ट नेशनल पार्क, इंग्लैंड में पहुँचना

## विविधता और समावेशन

हमारे लोग हमारी सबसे बड़ी संपत्ति और शक्ति हैं और हम अपनी सफलता में हर कर्मचारी को उसके योगदान के लिए महत्व देते हैं। हम 70 से अधिक देशों में संचालन करते हैं और अपनी कंपनी तथा व्यवसाय की वैश्विक प्रकृति के अनुसार हम इस तरह कार्य करना चाहते हैं जो स्थानीय संस्कृतियों और व्यवसाय प्रथाओं के अनुरूप हो बशर्ते कि इस संहिता और लागू होने वाली कानूनी आवश्यकताओं के साथ उनका टकराव न हो।

हमारे कार्यबल की विविधता खास विचारों, दृष्टिकोण, प्रतिभा और मूल्यों से हमारी सफलता निर्धारित करते हैं। हम ऐसे कार्य परिवेश को बढ़ावा देना चाहते हैं जिसमें हर एक व्यक्ति के पास समान अवसर हों और जिसमें उनके साथ सम्मान और गरिमा का व्यवहार किया जाता हो।

रोज़गार, व्यक्तियों के विचारों, दृष्टिकोणों, प्रतिभाओं और मूल्यों के उनके अद्‌वितीय संयोजन को साझा करके हमारी सफलता में योगदान देने की उनकी क्षमताओं पर आधारित है। यह पहचानते हुए कि हमारे कर्मचारियों के विविध अनुभव और पृष्ठभूमियाँ हैं, हम समान रूप से विविधतापूर्ण और वैश्विक कार्यबल तैयार करना चाहते हैं और हम अपने कर्मचारियों से समावेशी संस्कृति, कार्यस्थल और समाज की सहायता करने वाले मानकों को अपनाने की उम्मीद करते हैं। कंपनी अपनी प्रथाओं का नियंत्रण करने वाले सभी कानूनों और विनियमों का समर्थन करती है और उनसे बाध्य है और हम किसी भी प्रकार के गैरकानूनी भेदभाव का निषेध करते हैं।

हमारे कार्यबल की विविधता खास विचारों, दृष्टिकोण, प्रतिभा और मूल्यों से हमारी सफलता निर्धारित करते हैं। हम ऐसे कार्य परिवेश को बढ़ावा देना चाहते हैं जिसमें हर एक व्यक्ति के पास समान अवसर हों और जिसमें उनके साथ सम्मान और गरिमा का व्यवहार किया जाता हो।

## THE RIGHT RESULTS THE RIGHT WAY

हम गैरकानूनी तरीके से भेदभाव नहीं करते हैं। हम सभी कर्मचारियों और भावी कर्मचारियों को उनकी काबिलियत और योग्यता के आधार पर मूल्यांकित करते हैं और इन वैयक्तिक विशेषताओं पर नहीं:

- नस्ल
- रंग
- धर्म
- लिंग
- यौन अभिविन्यास
- लिंग, लैंगिक पहचान, लैंगिक अभिव्यक्ति
- राष्ट्रीयता
- आयु
- वैवाहिक स्थिति
- गर्भावस्था, बच्चे का जन्म और उससे जुड़ी चिकित्सीय स्थितियाँ
- अक्षमता
- सैन्य सेवा, सैन्य संबद्‌धता और सेवानिवृत्ति की स्थिति
- कोई भी विशेषता जो हमारी कंपनी की नीति या कानून को संरक्षण देती हो

# कार्यस्थल पर आचार-व्यवहार, उत्पीड़न करना और धमकाना

हमारे सभी कर्मचारियों को ऐसे परिवेश में कार्य करने का अधिकार है, जो उन्हें सम्मानजनक, महफ़ूज़ और सुरक्षित लगता हो। हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे सभी कर्मचारी इसका पालन करेंगे और व्यावसायिक रूप से काम करेंगे। हम अपमानजनक, हानि पहुँचाने वाली, डराने या निंदात्मक टिप्पणियों को बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमारे सभी कर्मचारियों को अपने सहकर्मियों के विचारों, विश्वास और मूल्यों के बारे में पता होना चाहिए और उसका आदर करना चाहिए और ऐसे किसी भी विवादित मुद्दे जैसे कि राजनीति या धर्म पर बहस नहीं करनी चाहिए, जो कि हमारे काम से जुड़ा हुआ न हो, क्योंकि इस तरह से कार्यस्थल में नकारात्मकता पैदा होती है और सहकर्मी ढंग से काम नहीं कर पाते।

कंपनी किसी भी प्रकार के डर, धमकी या किसी भी प्रकार के गैरकानूनी उत्पीड़न का निषेध करती है जिसमें भावनात्मक, शारीरिक या लैंगिक उत्पीड़न शामिल हैं।

यौन उत्पीड़न में अवांछनीय यौन गतिविधियाँ, अनपेक्षित यौन ध्यानाकर्षण, यौन अनुग्रहों की मांग या अनुरोध, यौन इशारे या यौन प्रकृति के अन्य अवांछनीय मौखिक या शारीरिक आचरण शामिल हैं। यौन उत्पीड़न का व्यवहार किसी भी व्यक्ति के साथ हो सकता है, चाहे उसका लिंग, लैंगिक पहचान, यौन अभिविन्यास या कोई अन्य अलग या व्यक्तिगत विशेषताएँ हों।

> यौन उत्पीड़न में अवांछनीय यौन गतिविधियाँ, अनपेक्षित यौन ध्यानाकर्षण, यौन अनुग्रहों की मांग या अनुरोध, यौन इशारे या यौन प्रकृति के अन्य अवांछनीय मौखिक या शारीरिक आचरण शामिल हैं।

अगर आपको लगता है कि आपको परेशान किया गया है या आपके साथ भेदभाव किया गया है या अगर आपको कोई ऐसा व्यवहार दिखाई देता है, तो आपको अपने स्थानीय प्रबंधक, अनुपालन और नैतिकता विभाग के सदस्य या स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि से तुरंत संपर्क करना चाहिए, ताकि कंपनी त्वरित और सुधारात्मक कार्रवाई कर सके। याद रखें कि हम ऐसे किसी भी व्यक्ति के खिलाफ प्रतिकार सहन नहीं करेंगे जिसने अच्छी नीयत से उत्पीड़न और भेदभाव की चिंता व्यक्त की या उसकी शिकायत की। इस विषय पर ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया, अपनी कर्मचारी पुस्तिका देखें।

कर्मचारियों के लिए सम्मान में ऐसे सुरक्षित कार्यस्थल की हमारी प्रतिबद्धता शामिल है जो मानवीय और पर्यावरणीय, दोनों प्रकार के जोखिमों से मुक्त हो। यदि कभी भी आपको कार्यस्थल पर अपने स्वास्थ्य या सुरक्षा की चिंता हो, तो कृपया तुरंत अपने प्रबंधक से संपर्क करें।

## THE RIGHT RESULTS THE RIGHT WAY

दूसरों से सम्मान, गरिमा और नम्रता से व्यवहार करना। जिन कार्यों को उत्पीड़न माना जा सकता है, उनमें शामिल हैं:

- गलत या अनुचित टिप्पणियाँ या कार्यस्थल पर लोगों का मज़ाक बनाना
- परेशान करना
- अप्रिय शारीरिक संपर्क या इशारे
- शत्रुतापूर्ण या भयभीत करने वाला कार्य वातावरण बनाना, जिसमें वह वातावरण शामिल है जिसमें कर्मचारियों को अनुपयुक्त कार्य व्यवहारों के “अनुरूप” बनने के लिए कहा जाता है
- किसी भी प्रकार की मौखिक या शारीरिक धमकी
- कार्यस्थल पर यौन रूप से मुखर, अनुचित चित्र बनाना या ऐसा कुछ लिखना
- लैंगिक अनुग्रह के लिए लैंगिक प्रस्ताव या अनुरोध
- नस्लीय या जातीय अपमान

### ध्यान दें:

हम “उत्पीड़न" को ऐसे किसी भी तरह के अनचाहे मौखिक या गैर-मौखिक या शारीरिक व्यवहार के रूप में परिभाषित करते हैं, जो किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा प्रभावित करने या उसे भंग करने के उद्देश्य से किया जाता है या उसका ऐसा प्रभाव होता है, विशेष रूप से जब ऐसे व्यवहार से धमकीभरा, दुश्मनी का, नीचा दिखाने या अपमानजनक परिवेश निर्मित होता है।

“कार्यस्थल पर डराने-धमकाने” का मतलब किसी व्यक्ति या बहुत से कर्मचारियों को परेशान करने के लिए प्रतिशोध लेते हुए, क्रूरता के साथ या दुर्भावना रखते हुए आपत्तिजनक व्यवहार करने से है।

### ऐसे अन्य व्यवहार जो वैध व्यावसायिक हितों को नुकसान पहुँचाते हैं

चूँकि हम अपने कर्मचारियों के गोपनीयता के अधिकार का पालन करते हैं, इसलिए आमतौर पर हम कार्य के दायरे से बाहर किसी भी व्यक्ति की गतिविधियों पर तब तक ध्यान नहीं देते, जब तक कि वह उनके कार्य करने की क्षमता को बाधित करने के स्तर तक नहीं बढ़ जाता है, कार्यस्थल को नकारात्मक रूप से प्रभावित नहीं करता है, या हमारी प्रतिष्ठा और अन्य मान्य व्यावसायिक हितों के लिए ख़तरा पैदा नहीं करता है।

इस विषय में उत्पन्न मुद्दे या समस्याओं में अक्सर सामाजिक मीडिया शामिल होता है। बेशक आप अपने खुद के समय में और अपने उपकरण पर, सोशल मीडिया में अपनी इच्छानुसार कहने और करने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन कृपया यह ध्यान रखें कि अगर आपकी कार्रवाइयों या बर्ताव से कंपनी, हमारे कार्यस्थल, हमारी प्रतिष्ठा पर या आपके काम करने की क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, तो कंपनी के पास कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित है।

अगर इस विषय में आपका कोई प्रश्न है, तो कृपया हमारी सामाजिक मीडिया नीति देखें, अपने प्रबंधक, आपके अनुपालन और नैतिकता अधिकारी और/या HR लीडर से बात करें।

## कार्यस्थल सुरक्षा

हम ड्रग्स या शराब के दुरुपयोग को बर्दाश्त नहीं करते। ड्रग्स, शराब या गैरकानूनी मादक दवाओं के प्रभाव में कार्य करने से आपके और आपके आस-पास के लोगों के लिए असुरक्षित कार्य स्थितियाँ पैदा हो सकती हैं। ऐसे कर्मचारी, जिन्हें यह चिंता हो कि उनका कोई सहकर्मी कार्य के उनके दायरे में शायद ड्रग्स या शराब का दुरुपयोग कर रहा है या जिन्होंने ऐसा दुरुपयोग करते हुए देखा हो, उन्हें अपने प्रबंधक या मानव संसाधन प्रतिनिधि से संपर्क करना चाहिए। और अधिक जानकारी के लिए अपने ब्रांड की ड्रग्स और शराब नीति का या कर्मचारी पुस्तिका को भी देखें।

कार्यस्थल में हम हिंसा और धमकाने वाले बर्ताव की सभी हरकतों का निषेध करते हैं। कंपनी की संपत्ति में चाकू और आग्नेयास्त्रों सहित हथियार रखना वर्जित है। यदि कंपनी पाती है कि किसी कर्मचारी ने हिंसक या धमकीपूर्ण या अनुपयुक्त रूप से व्यवहार किया है, तो उपयुक्त अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी और उपयुक्त कानून प्रवर्तन एजेंसियों से संपर्क किया जाएगा।

हम सभी को किसी भी संकट प्रबंधन या व्यावसायिक निरंतरता से जुड़ी योजनाओं की सभी आवश्यकताओं को जानना और उनका पालन भी करना चाहिए और अपने कार्यस्थल और कार्य स्थितियों के संबंध में बदलती परिस्थितियों के अनुकूल बनने के लिए तैयार रहना चाहिए।

कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्रभावित करने वाले ऐसे किसी भी व्यवहार या गतिविधि के बारे में अपने स्थानीय प्रबंधक को तुरंत रिपोर्ट करें।

अगर आपको लगता है कि आप या कोई दूसरा व्यक्ति अभी किसी ख़तरे में है, तो आपको स्थानीय प्राधिकारियों/आपातकालीन सेवा विभाग को कॉल करना चाहिए।



# पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन (ESG)

*प्रकृति से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकते। #neverstopexploring #alaskaadventure*
होल्गेट ग्लेशियर, अलास्का का रोमांचक नज़ारा

# पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन (ESG)

Booking Holdings यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि वर्तमान और भविष्य में अनुभव करने लायक दुनिया हो। हमारी पर्यावरण, सामाजिक और शासन पहल, प्रक्रियाएं और सिद्धांत एक टिकाऊ और नैतिक वैश्विक व्यवसाय होने पर हमारे निरंतर जोर को दर्शाते हैं।

# स्थिर परिचालन

अपने स्वयं के परिचालनों को स्थिर रूप से चलाना हमारी स्थिरता रणनीति का एक मूलभूत स्तंभ है। हम अपने ट्रैवल प्रदाता भागीदारों के लिए उच्च अपेक्षाएं रखते हैं और उन्हीं मानदंडों के अनुसार अपना व्यवसाय संचालित करते हैं। इसमें हमारे परिचालन फ़ूटप्रिंट को कम करना और अपरिहार्य प्रभावों को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करना शामिल है। हम अपने परिचालन को नेट-ज़ीरो कार्बन फ़ूटप्रिंट की ओर ले जाना जारी रखेंगे और ग्रीनहाउस गैस, अपशिष्ट और आपूर्ति-श्रृंखला उत्सर्जन में वार्षिक कटौती करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। Booking Holdings हमारे समुदायों के भीतर हमारे अनुभवों का सहयोग और लाभ उठाकर निरंतर और ज़िम्मेदारी से काम करती है। अपनी वैश्विक पहुंच का उपयोग करके, हम सैकड़ों स्थानीय पहलों में भाग ले सकते हैं और बड़े पैमाने पर अपने समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव बढ़ा सकते हैं।

Booking Holdings समय, ज्ञान और फंडिंग के साथ स्थानीय पहलों का समर्थन करके हमारे समुदायों को वापस योगदान देता है। ऐसा करते हुए, हम समुदायों के साथ मजबूत संबंध बनाते हैं, कर्मचारियों को शामिल करते हैं और यात्रियों को सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित करते हैं।

हमारा पर्यावरण प्रबंधन हमारी महत्वाकांक्षाओं की आधारशिला है: यह सुनिश्चित करना कि दुनिया अनुभव के लायक बनी रहे। हम ऊर्जा, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और कचरे में कमी को प्राथमिकता देना और अपनी पर्यावरणीय पहलों पर कर्मचारियों के साथ जुड़ना जारी रखते हैं।

# स्थिरता के साथ यात्रा

स्थिरता के साथ हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बना सकती है, क्षितिज का विस्तार कर सकती है, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित कर सकती है, हमारे यात्रा पारिस्थितिकी तंत्र को फिर से जीवंत कर सकती है, और यह सुनिश्चित कर सकती है कि प्लैनट, इसके लोग, समुदाय, निवास स्थान और वन्य जीवन आज और भविष्य में पनपने में सक्षम हैं। उत्पाद नवाचार, यात्रा प्रदाता भागीदार समर्थन और उद्योग सहयोग के माध्यम से, Booking Holdings और हमारे ब्रांड दुनिया भर में लाखों ग्राहकों के लिए स्थिरता के साथ यात्रा को आसान बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

एक कंपनी के रूप में, Booking Holdings का मानना है कि यह सुनिश्चित करने में मदद करना उसकी ज़िम्मेदारी है कि दुनिया अनुभव के लायक बनी रहे और अधिक स्थिरता के साथ यात्रा उद्योग को बढ़ावा दे। Booking Holdings अपने प्रयासों को दो प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित कर रही है जो सफल होने के लिए एक-दूसरे पर निर्भर हैं:


- कंपनी के साझेदारों को अधिक टिकाऊ बनने में सहायता करना, जिसके परिणामस्वरूप स्थिरता के साथ यात्रा पेशकशों की संख्या बढ़ जाती है; और
- टिकाऊ विकल्प चुनने के लिए कंपनी के ग्राहकों का समर्थन करना।

# मानवाधिकार

हम जहाँ भी व्यापार करते हैं, वहाँ मानवाधिकारों का पालन करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दुनिया की प्रमुख ऑनलाइन यात्रा कंपनी के तौर पर हम अन्य लोगों के अधिकारों का उल्लंघन करने से बचने और मानवाधिकारों पर होने वाले प्रतिकूल प्रभावों का निराकरण करने की कोशिश करने के लिए अपने ऐसे हितधारकों के मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं, जिनके साथ हम शामिल हैं। मानवाधिकारों का सम्मान करने और उन्हें बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्य मानकों और सिद्धांतों पर आधारित है, जिनमें व्यवसाय और मानवाधिकार से संबंधित संयुक्त राष्ट्र (UN) मार्गदर्शक सिद्धांत शामिल हैं।

हम लोगों को यात्रा में आने वाली बाधाओं को कम करने के लिए सशक्त बनाना चाहते हैं। हमारा मानना है कि यात्रा से लोगों को बातचीत में मदद करके मानवता के सबसे अच्छे लाभ लिए जा सकते हैं और इससे विभिन्न संस्कृतियों और जीने के तरीकों को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिल सकती है। इससे उन समुदायों को आर्थिक और सामाजिक दोनों तरह के लाभ भी मिलते हैं, जिनमें यात्री विज़िट करते हैं। हमारा मानना है कि ये आदर्श बेहद महत्वपूर्ण हैं और सशक्त उद्देश्य बनाते हैं, यह ऐसे ध्रुव तारे की तरह है, जिस पर हम इस विषय में अपने कार्यों और फैसलों में जानकारी और मार्गदर्शन के लिए नज़र डाल सकते हैं । इसलिए, सभी लागू कानूनों का पालन करते समय, बुनियादी स्तर पर, हम मानवाधिकारों से जुड़ा जो सबसे बड़ा और सबसे सकारात्मक प्रभाव महसूस करते हैं, वह हर किसी के लिए इस प्रभाव के एहसास को आसान बनाना है। मानवाधिकारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के बारे में अधिक जानने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए, कृपया हमारा मानवाधिकार कथन देखें।

> हमारा मानना है कि यात्रा से लोगों को बातचीत में मदद करके मानवता के सबसे अच्छे पहलू सामने आ सकते हैं और इससे विभिन्न संस्कृतियों और जीने के तरीकों को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिल सकती है।



## प्रशासन

हमारा मजबूत कॉर्पोरेट प्रशासन और नैतिक निर्णय लेने से हमें एक-दूसरे के लिए, हमारे समुदायों और हमारे आस-पास की दुनिया के लिए सही तरीके से सही समाधान खोजने में मदद मिलती है। हम जो कुछ भी करते हैं उसमें अनुपालन और नैतिकता शामिल करते हैं ताकि हम अपने मिशन को प्राप्त कर सकें: हर किसी के लिए दुनिया का अनुभव करना आसान हो जाता है।

Booking Holdings की कॉर्पोरेट प्रशासन प्रथाएं और नीतियां वह ढांचा प्रदान करती हैं जिसका उपयोग हम स्टॉकहोल्डर्स के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरा करने और एक अच्छे कॉर्पोरेट प्रबंधक के रूप में सेवा करने के लिए करते हैं। हम निष्ठा, ईमानदारी और जवाबदेही के साथ और लागू नियमों के अनुपालन में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हमारे मूल्य हर स्तर पर हमारे कार्यों का मार्गदर्शन करते हैं। हमारा विज़न एक सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास अनुपालन और नैतिकता कार्यक्रम है, जो समावेशन और अखंडता की संस्कृति की विशेषता है, जो हमारे व्यवसाय के सतत विकास में योगदान देता है और कंपनी के सर्वव्यापी अनुपालन और नैतिकता टैगलाइन पर खरा उतरता है –" सही परिणाम, सही तरीका।"

साइबर सुरक्षा, गोपनीयता और डेटा सुरक्षा जोखिम का प्रबंधन हमारी ज़िम्मेदारियों में महत्वपूर्ण है। हम अपने ग्राहकों, अपने साझेदारों और कर्मचारियों के व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के लिए लोगों, प्रक्रियाओं और प्रौद्योगिकी में निवेश करते हैं।

## अपने लोगों की देखभाल करना

हमारे कर्मचारी हमारी सफलता को आगे बढ़ाते हैं और हर किसी के लिए दुनिया का अनुभव आसान बनाने के हमारे मिशन को पूरा करने में मौलिक हैं। हम कर्मचारी जुड़ाव, कल्याण विविधता और समावेशन, प्रतिभा प्रबंधन और उस प्रतिभा को पुरस्कृत करने और पहचानने पर अपने निरंतर ध्यान के माध्यम से एक सशक्त और समावेशी वातावरण बनाने का प्रयास करते हैं।

अनुकूलनीय हाइब्रिड वर्किंग मॉडल से लेकर इंगेजमेंट प्रोग्राम तक हम अपने लोगों को एकसाथ लाने और हमारे अंतर्राष्ट्रीय कार्यबल का समर्थन करने के लिए डिज़ाइन की गई गतिविधियों को और सुविधाजनक बनाते हैं। जबकि हमारे ब्रांड प्रतिभा प्रबंधन पर स्वतंत्र रूप से काम करते हैं, हम सर्वोत्तम प्रथाओं का लाभ उठाते हैं और एक दूसरे से सीखते हैं।

हमारा व्यवसाय-मिशन हमारे क्षितीज़ को व्यापक बनाने, नए लोगों और संस्कृतियों से मिलने, नए अनुभव प्राप्त करने, हमारे ज्ञान को बढ़ाने और उस दुनिया की सराहना करने के लिए बढ़ने के लिए समझ, स्वीकृति और एक स्वागत योग्य दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करता है, जिसमें हम रहते हैं।

हमारे कर्मचारियों का स्वास्थ्य, सुरक्षा और उनकी भलाई अत्यंत महत्वपूर्ण है। भलाई और कल्याण मानसिक स्वास्थ्य से कहीं अधिक बढ़कर है और Booking Holdings में हमारा समावेशी दृष्टिकोण मानता है कि पहचान और पृष्ठभूमि के आधार पर भलाई और कल्याण अलग ही नज़र आता है।

Booking Holdings जोशीले शिक्षार्थियों का एक समुदाय है और आजीवन सीखने को प्रोत्साहित करने के लिए एक कौशल-केन्द्रित और ज्ञान-साझाकरण संस्कृति बनाए रखते हैं। हमारा मानना है कि लोगों में निवेश करना सामाजिक ज़िम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता का एक प्रमुख तत्व है।

> हमारा मानना है कि लोगों में निवेश करना सामाजिक ज़िम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता का एक प्रमुख तत्व है।

# रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार विरोधी



*रोशन करें!* *#northernlightsiceland #nightskychasers*
नॉर्दर्न लाइट्स, आइसलैंड

# रिश्वतखोरी निषेध

किसी भी प्रकार की रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार के प्रति हमारी शून्य सहनशीलता है।

हम पूरे विश्व में व्यवसाय करते है और वह कई ऐसे कानूनों के अधीन है जो किसी भी प्रकार की रिश्वत को पेश करने, देने, या भुगतान को अधिकृत करने को सख्ती से वर्जित करते हैं। इनमें से कई कानून हमारे व्यवसाय के संचालन के संबंध में आपके द्वारा रिश्वत (या घूस) लिए जाने पर भी प्रतिबंध लगाते हैं। ये कानून किसी भी तृतीय पक्ष द्वारा कंपनी की ओर से अन्य लोगों को रिश्वत देने पर भी प्रतिबंध लगाते हैं। हम अमेरिकी विदेशी भ्रष्ट व्यवहार अधिनियम (FCPA) और यूके के रिश्वत अधिनियम सहित सभी लागू अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का अनुपालन करने की कोशिश करते हैं और हमने सभी कर्मचारियों और तृतीय पक्षों के लिए हमारी अपेक्षाओं के बारे में आगे मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए वैश्विक रिश्वतखोरी-रोधी और भ्रष्टाचार नीति विकसित की है। हालाँकि, निम्नलिखित सिद्धांत आपकी मार्गदर्शिका के रूप में कार्य करते हैं:

अनुचित रूप से पैसे देना और उसकी पेशकश करना: कोई कर्मचारी व्यवसाय प्राप्त करने या बनाए रखने, कंपनी के लिए प्रभाव बनाने, अनुकूल व्यवहार या कोई अन्य लाभ पाने के उद्देश्य से किसी सरकारी अधिकारी या निजी पक्ष (उदाहरण के लिए विक्रेता, आपूर्तिकर्ता, ठेकेदार, क्लाइंट या प्रतिनिधि) कोई भी मूल्यवान वस्तु न तो दे सकता है, न उसकी पेशकश कर सकता है और न ही उसके लिए प्राधिकृत कर सकता है। इसमें नियमित सरकारी कार्रवाई करवाने या आधिकारिक कार्रवाई में तेज़ी लाने के लिए सुविधा भुगतान (इसे कभी-कभी "काम में तेज़ी लाने का" या "ग्रीज़" भुगतान भी कहा जाता है) करना या उसकी पेशकश करना शामिल है। जहाँ कुछ जगहों पर इस तरह के भुगतानों की प्रथा हो सकती है, वहीं वे अधिकांश देशों में अवैध हैं और वे हमेशा हमारी नीति के विरुद्ध होते हैं।

यह निषेध सरकारी अधिकारियों को भुगतान करने से भी आगे है और इसमें निजी वाणिज्यिक एंटरप्राइज़ के प्रतिनिधियों को भुगतान करना भी शामिल है जिनके साथ हम व्यवसाय करते है।

"सरकारी अधिकारी" वह व्यक्ति होता है जो किसी विदेशी सरकार, एजेंसी, विभाग, विनियामक प्राधिकरण या सहायक की ओर से आधिकारिक क्षमता में कार्य करता है। यह शब्द थोड़ा सा शिथिल रूप से परिभाषित है और इसमें राष्ट्रीय, राज्य या स्थानीय सरकार के कर्मचारी, राजनीतिक कार्यालयों के उम्मीदवार, राजनीतिक दल, राजनीतिक दलों के अधिकारी, सरकार के स्वामित्व वाले या राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों (राष्ट्रीय एयरलाइन या सरकार के स्वामित्व वाले होटल) के कर्मचारी/ संयुक्त राष्ट्र और रेडक्रॉस जैसे अर्द्ध-सरकारी या अंतर्राष्ट्रीय, गैर-सरकारी संगठन भी शामिल हैं।

अनुचित रूप से पैसों का अनुरोध करना और प्राप्त करना: कंपनी के कर्मचारियों को विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों, क्लाइंट प्रतिनिधियों जैसे तृतीय पक्षों से कोई भी मूल्यवान वस्तु प्राप्त करने या उसका अनुरोध करने की भी मनाही है। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऐसा करने की मनाही है।


रिश्वत देने से मना करने वाले किसी भी कर्मचारी को परेशान नहीं किया जाएगा, भले ही इसका हमारी आय, बिक्री, या हमारे व्यवसाय के अन्य पहलू पर कुछ भी प्रभाव पड़े। रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार की लागत और क्षतिकारक जटिलताएँ कम समय में मिलने वाले लाभ से कहीं अधिक भारी साबित होती हैं।

FCPA और यू.के. रिश्वतखोरी अधिनियम सहित रिश्वतखोरी निरोधक कानूनों के उल्लंघन बहुत गंभीर होते हैं। परिणामस्वरूप कंपनी अपने निदेशकों, अधिकारियों और अलग-अलग कर्मचारियों को आपराधिक या दीवानी का दंड दे सकती है। इन दंडों में शामिल लोगों पर भारी जुर्माने और कारावास शामिल हो सकते हैं।

> किसी भी प्रकार की रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार के प्रति हमारी शून्य सहनशीलता है।

## उचित बही और रिकॉर्ड

सभी कर्मचारियों को अपनी ब्रांड कंपनी की बहियों, रिकॉर्ड और खातों में ऐसे सभी भुगतानों और दूसरे प्रतिफल को सही समय पर और ज़रूरी विवरण के साथ रिकॉर्ड करना चाहिए। किसी भी उद्देश्य से ऐसा कोई खाता नहीं बनाया जाना चाहिए, जिसके बारे में कोई जानकारी न दी गई हो या कोई रिकॉर्ड न हो। किताबों और रिकॉर्ड में गलत, भ्रामक, अधूरी, झूठी या नकली प्रविष्टि करने की मनाही है। इसमें और कंपनी की दूसरी नीतियों में प्रतिबंधित किसी भी काम को पूरा करने के लिए कर्मचारियों को निजी निधि का इस्तेमाल करने की मंज़ूरी नहीं है।




## तृतीय पक्ष एजेंट के साथ लेन-देन करना

रिश्वतखोरी-विरोधी कानून, कंपनी को हमारी ओर से भ्रष्ट भुगतान करने वाले तृतीय पक्ष एजेंट को नियुक्त करने से रोकते हैं। रिश्वत रोधी कानून ऐसे आचरण को न केवल वहाँ आपराधिक दर्जा देते हैं जहाँ कंपनी को वास्तव में ऐसे आचरण का पता था, बल्कि उन परिस्थितियों में भी, जब यथोचित रूप से ऐसा परिणाम निकाला जा सके कि कंपनी को ऐसा भुगतान किए जाने की जानकारी थी या हो सकती थी।

इसलिए यह बेहद ज़रूरी है कि हमारा प्रत्येक तृतीय पक्ष एजेंट यह समझे कि उन्हें हमारी ओर से किसी भी प्रकार की रिश्वत (सुविधा भुगतान सहित) देने या प्राप्त करने की सख्त मनाही है। इसलिए कंपनी के हमारी ओर से कार्य करने वाले सभी एजेंटों की सावधानीपूर्वक जाँच-पड़ताल होनी चाहिए, उन्हें जाँच प्रक्रिया से गुज़ारा जाना चाहिए और उन्हें कंपनी की यह अपेक्षा बताई जानी चाहिए कि वे संबंधित रिश्वतखोरी निरोधक कानूनों से बाध्य हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारे तृतीय पक्ष एजेंटों की जाँच-पड़ताल हो चुकी है, कृपया अपने स्थानीय अनुपालन और नैतिकता अधिकारी के साथ कार्य करें।

"तृतीय पक्ष एजेंट" शब्द में वे निकाय या व्यक्ति शामिल हैं जो हमारी ओर से कार्य करते हैं, जिनमें एजेंट (जैसे, कस्टम/रीयल एस्टेट एजेंट), ठेकेदार, सलाहकार, कॉर्पोरेट सेवा कंपनियाँ, पेरोल प्रदाता, विज्ञापन एजेंसियाँ और कानूनी फर्म शामिल हैं।

इस क्षेत्र में जटिल कानूनों के कारण, कृपया वैश्विक रिश्वत-रोधी और भ्रष्टाचार नीति देखें और/या किसी भी सवाल या चिंता को लेकर अपने स्थानीय अनुपालन और नैतिकता अधिकारी से संपर्क करें।

# वित्तीय सत्यनिष्ठा और रिपोर्ट करना



*मेरे द्वारा देखी गई अब तक की सबसे चमत्कारिक घटना! #lanternfestival #upliftingmoments*
यी पेंग फ़ेस्टिवल, शियांगमेई थाईलैंड

## कार्यस्थल पर धोखाधड़ी

हमारी व्यावसायिक सफलता, ईमानदारीपूर्ण और पारदर्शी परिचालनों पर निर्भर है।

हम सभी को धोखाधड़ी रोकने और ऐसा होते ही उसका पता लगाने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए ताकि कंपनी, ऐसी स्थिति का तुरंत निराकरण कर सके और किसी भी प्रकार के प्रतिकूल परिणाम को कम से कम कर सके।

धोखाधड़ी का मतलब बेईमानी और धोखाधड़ी वाली ऐसी गतिविधियों से है, जो वित्तीय या व्यक्तिगत लाभ या कुछ अन्य अनुचित लाभ पाने के लिए की जाती हैं। धोखाधड़ी में वित्तीय विवरणों में जानबूझकर हेर-फेर, कंपनी की संपत्तियों की चोरी या दुरुपयोग करना या खर्चों को बढ़ा-चढ़ाकर बताने बताने जैसे काम शामिल हो सकते हैं। कंपनी धोखाधड़ी के परिणामों, धोखाधड़ी रोकने के तरीकों और संदिग्ध धोखाधड़ी की रिपोर्ट करने की सही प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान करती है। धोखाधड़ी से हमारे व्यवसाय को होने वाले जोखिमों का पता लगाने के लिए हमारे पास आंतरिक नियंत्रण और प्रक्रियाएँ भी हैं। अगर धोखाधड़ी या धोखाधड़ी की रोकथाम के बारे में आपका कोई सवाल है, तो कृपया अपने प्रबंधक से पूछें या हमारे किसी रिपोर्टिंग चैनल से संपर्क करें।

हम सभी को धोखाधड़ी रोकने और ऐसा होते ही उसका पता लगाने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए ताकि कंपनी, ऐसी स्थिति का तुरंत निराकरण कर सके और किसी भी प्रकार के प्रतिकूल परिणाम को कम से कम कर सके।

## वित्तीय रिपोर्टिंग, प्रकटीकरण और आंतरिक नियंत्रण

एक NASDAQ-सूचीबद्ध सार्वजनिक कंपनी होने के नाते, हमारे लिए आवश्यक है कि वह कंपनी के बारे में वित्तीय जानकारी सहित सार्वजनिक प्रकटन प्रदान करे। कंपनी के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह लोगों को कंपनी के बारे में सही वित्तीय और अन्य जानकारी दे। ऐसा न कर पाने के कारण कंपनी के लिए और कुछ स्थितियों में कंपनी के अधिकारियों, निदेशकों या कर्मचारियों के लिए भी दायित्व उत्पन्न हो सकता है और नतीजतन निवेशकों, विश्लेषकों और अन्य लोगों का कंपनी पर भरोसा ख़त्म हो सकता है।

वित्तीय रिपोर्टिंग, प्रकटन और आंतरिक नियंत्रण हमारी प्रेस विज्ञप्तियों और सार्वजनिक फ़ाइलिंग सहित हमारे सार्वजनिक कथनों में कोई गलत या भ्रामक जानकारी नहीं होनी चाहिए। यू.एस. सुरक्षा और विनिमय कमिशन (SEC) के अनुसार आवश्यक जानकारी को पूरा, समय पर और पूर्ण रूप से SEC आवश्यकताओं के अनुपालन में भरा जाना चाहिए।



हम सभी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कंपनी आंतरिक नियंत्रणों की एक पर्याप्त प्रणाली को बनाए रखे और यह कि हमारे लेनदेन सामान्य तौर पर स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों (GAAP) या अन्य लागू स्थानीय या संवैधानिक सिद्धांतों के अनुसार समय-समय पर संसाधित किए जाएँ। हम निम्न यथोचित आश्वासन प्रदान करने के लिए बनाए गए आंतरिक नियंत्रणों की प्रणाली बनाने और उनका पालन करने के लिए जिम्मेदार हैं:

- प्रत्येक लेन-देन को सही तरीके से रिकॉर्ड किया गया है और प्रबंधन द्वारा उसे उपयुक्त रूप से अधिकृत किया गया है
- कंपनी की संपत्तियों की उपयुक्त रूप से सुरक्षा की जाती है और उनका उपयोग सिर्फ़ प्रबंधन के प्राधिकार के अनुसार ही किया जाता है
- प्रत्येक लेन-देन को इस तरह से रिकॉर्ड किया जाता है, जिससे कंपनी अपनी संपत्तियों और देयताओं की ज़िम्मेदारी ले सके और साथ ही उपयुक्त लेखांकन मानकों के तहत वित्तीय विवरण तैयार कर सके

यह सुनिश्चित करने में कंपनी के प्रत्येक कर्मचारी की भूमिका है कि हमारी पुस्तकें और रिकॉर्ड सटीक हैं और यह कि आंतरिक नियंत्रणों की हमारी प्रणाली प्रभावी है, न कि विसंगतिपूर्ण। इस आवश्यकता के संबंध में कंपनी के सभी कर्मचारियों को उनसे संबंधित लेनदेनों का समर्थन करने वाले पर्याप्त दस्तावेज़ प्राप्त करने चाहिए। झूठे, भ्रामक या गलत बहीखाते और अभिलेख कानून का उल्लंघन करते हैं और उनका परिणाम गंभीर अर्थदंड और जेल की सजा भी हो सकता है।

## THE RIGHT RESULTS THE RIGHT WAY

यदि आपको अनुबंध, भुगतान वाउचर या कंपनी का कोई अन्य दस्तावेज़ या अभिलेख बनाने, सबमिट करने या उसकी सहमति देने के लिए कहा जाता है जो लेन-देन के सार को सटीकता से नहीं दर्शाता हो, तो आपको ऐसा करने से इंकार कर देना चाहिए और रिपोर्टिंग और जाँच में बताए गए चैनलों का उपयोग करके तुरंत इस आचरण की रिपोर्ट करनी चाहिए।

इसी तरह से, आपको किसी तृतीय पक्ष (विक्रेता, आपूर्तिकर्ता, सलाहकार, या अन्य तृतीय पक्ष सहित) से ऐसे अभिलेख जमा करने का अनुरोध कभी नहीं करना चाहिए जो लेनदेन के सार को सटीकता से न दर्शाते हों।

यदि आपको संदेह है कि कोई व्यक्ति अनजाने में या जानबूझकर हमारे आंतरिक नियंत्रणों का नुकसान या उस उसमें गतिरोध पैदा कर रहा है, तो ऐसी चिंताओं के बारे में सूचना देने के लिए हम आपको प्रोत्साहित करते हैं। कृपया याद रखें कि हम ऐसे किसी भी व्यक्ति के खिलाफ प्रतिकार सहन नहीं करेंगे जो अच्छी नीयत से चिंता व्यक्त करता है।




### प्रकटन मामलों में शामिल निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों की अतिरिक्त ज़िम्मेदारियाँ

इसके अतिरिक्त, प्रकटन प्रक्रिया में शामिल प्रत्येक निदेशक, अधिकारी या कंपनी के कर्मचारी के लिए आवश्यक है कि वह कंपनी के प्रकटन नियंत्रणों तथा कार्यविधियों और साथ ही वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित सभी आंतरिक नियंत्रणों से परिचित हो और उनका उस सीमा तक अनुपालन करे जहाँ तक ये नियंत्रण उसके ज़िम्मेदारी क्षेत्र के लिए प्रासंगिक हैं।

SEC फ़ाइलिंग या कंपनी के किसी अन्य वित्त संबंधी सार्वजनिक संवाद के संबंध में प्रत्यक्ष या पर्यवेक्षक प्राधिकार वाले प्रत्येक व्यक्ति को अन्य कंपनी अधिकारियों से सलाह लेने सहित पूर्ण, निष्पक्ष, सटीक, समयबद्ध और समझने योग्य प्रकटन को सुनिश्चित करने के लिए सभी उपयुक्त कदम उठाने चाहिए।

कंपनी की प्रकटन प्रक्रिया में शामिल प्रत्येक निदेशक, अधिकारी या कर्मचारी को:

- कंपनी के साथ-साथ कंपनी के व्यवसाय और वित्तीय प्रचालनों पर लागू होने वाली प्रकटन आवश्यकताओं से परिचित होना चाहिए
- कंपनी के स्वतंत्र ऑडिटरों, सरकारी विनियामकों और स्व-विनियामक संगठनों सहित अन्य लोगों को कंपनी के बारे में जान-बूझकर ग़लत तथ्य प्रस्तुत नहीं करने चाहिए या अन्य लोगों से ग़लत तथ्य प्रस्तुत नहीं करवाने चाहिए
- सटीकता और पूर्णता के लिए प्रस्तावित प्रकटनों की ठीक से समीक्षा करनी चाहिए और गंभीरता से विश्लेषण करना चाहिए (या, जहाँ उपयुक्त हो, अन्य लोगों को यह कार्य सौंपना चाहिए)






## वित्तीय अपराध, कर अपवंचन और काले धन को सफ़ेद करना

हम उन सभी लागू कानूनों, नियमों और विनियमों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो कर चोरी और काले धन को सफ़ेद करने सहित इसके सभी रूपों में होने वाले वित्तीय अपराध का मुकाबला करते हैं। कर अपवंचन, आय या जानकारी को कर अधिकारियों से छुपाकर कर का भुगतान नहीं करना या जानबूझकर कम भुगतान करना है। मनी लॉन्ड्रिंग काले धन को छुपाने या उसे सफेद बनाने की प्रक्रिया को कहा जाता है। अपने स्वयं के कर दायित्व पूरे करने के अतिरिक्त, हमें किसी दूसरे पक्ष द्वारा कर अपवंचन को सुविधाजनक कभी नहीं बनाना चाहिए। ऐसा तब हो सकता है जब हमें इस बात की जानकारी हो कि कोई भागीदार, आपूर्तिकर्ता या विक्रेता झूठे बयान दे रहा है या कर प्राधिकारियों से आय, लाभों या संपत्ति को छुपा रहा है, लेकिन हम इसे रोकने में विफल रहे हों। आपको यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने चाहिए कि हम केवल ऐसे प्रतिष्ठित विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों, ग्राहकों और क्लाइंटों के साथ ही व्यवसाय करें, जो विधि सम्मत स्रोतों से प्राप्त धन से विधि सम्मत व्यवसाय गतिविधियाँ करते हों। आपको किसी ऐसे लेन-देन में भी शामिल नहीं होना चाहिए जिसे इस तरह से किया गया हो जिसमें गैरकानूनी आचरण छुपाने का या जिसमें आय या संपत्तियों की दागदार प्रकृति का आभास मिलता हो। अगर आपको संदेह है कि जिस लेन-देन में हम शामिल हैं उसमें किसी भी प्रकार का वित्तीय अपराध शामिल हो सकता है, तो अपने कानून विभाग या अपने अनुपालन और नैतिकता अधिकारी से तुरंत संपर्क करें।

> आपको यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने चाहिए कि हम केवल ऐसे प्रतिष्ठित विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों, ग्राहकों और क्लाइंटों के साथ ही व्यवसाय करें, जो विधि सम्मत स्रोतों से प्राप्त धन से विधि सम्मत व्यवसाय गतिविधियाँ करते हों।

## THE RIGHT RESULTS THE RIGHT WAY

### ऐसे भुगतान देने या लेने का प्रयास करते समय सजग रहें:

- उन मुद्राओं में जो इनवॉइस, संविदा या सेवा देने के स्थान के क्षेत्राधिकार में निर्दिष्ट से अलग हैं
- उन अन्य देशों से या में जिनका व्यवसाय से कोई सीधा संबंध नहीं है
- नगदी या नगदी के समतुल्य
- ऐसे व्यक्ति को/की ओर से किए जाते हैं, जो लेन-देन का पक्ष नहीं है
- ऐसे खाते में/से जो सामान्य व्यवसाय संबंध खाता नहीं है
- एकाधिक चेक या ड्राफ़्ट वाले
- जहाँ आपको लगे कि अधिक-भुगतान हुआ है
- जिसमें अज्ञात या अनावश्यक मध्यस्थ शामिल हों, यदि आपको उनकी भूमिका स्पष्ट रूप से पता नहीं है
- जिसमें अनावश्यक जटिलता हो या जिसका कोई प्रकट विधिसम्मत व्यवसाय प्रयोजन न हो
- जिसमें अधिक जोखिम वाले देश या संगत पक्ष शामिल हैं
- आइटम के अनुसार नहीं बनाया गया ऐसा इनवॉइस, जिसमें दी गई सेवाओं का स्पष्ट वर्णन नहीं हो

अगर आपको ख़तरे के इन संकेतों में से कोई भी संकेत दिखाई दे, तो आपको अपने प्रबंधक या अपने कानून विभाग को इस समस्या की रिपोर्ट करनी चाहिए।

अगर आप सुनिश्चित न हों, तो कार्य करने के पहले पूछ लें!




# उपहार और हितों का टकराव

*जापान की सड़कों में स्वर्गिक आनंद की खोज। #sightseeingtokyo #backpackingjapan*
दर्शनीय स्थल, जापान

# उपहार और मनोरंजन

व्यावसायिक उपहार देना या प्राप्त करना या मनोरंजन करना व्यावसायिक संबंधों को मज़बूत बनाने का एक प्रचलित तरीका है और कुछ प्रतिबंधों के साथ यह विधि-सम्मत और स्वीकार्य व्यावसायिक व्यवहार है।

हालाँकि, उपहारों और मनोरंजन में कभी भी कंपनी के व्यावसायिक संबंधों की सत्यनिष्ठा से समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

सरकारी अधिकारियों से व्यवहार करते समय सावधान रहें। हालांकि किसी भी पक्ष को उपहार और मनोरंजन की सुविधा दिए जाने से मुद्दे उठ सकते हैं लेकिन जोखिम विशेष तौर से तब काफ़ी ज़्यादा होता है जब इसमें सरकारी अधिकारी शामिल होते हैं। आपको अपने कानूनी विभाग से पूर्व लिखित स्वीकृति के बिना सरकार या सरकारी आधिकारी से सहभागिता के संबंध में किसी भी उपहार या मनोरंजन की पेशकश नहीं करनी चाहिए या वे प्रदान नहीं करने चाहिए। इसके अलावा, किसी भी उपहार या मनोरंजन में वैश्विक रिश्वतखोरी-रोधी और भ्रष्टाचार नीति और आपकी ब्रांड कंपनी की उपहार और मनोरंजन नीति का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

आमतौर पर यह हमारी नीति है कि कंपनी के कर्मचारी,अपने कामकाज से जुड़े आपूर्तिकर्ताओं और गैर-सरकारी पक्षों को उपयुक्त व्यावसायिक उपहार या मनोरंजन प्रदान कर सकते हैं और प्राप्त कर सकते हैं या हालाँकि, ऐसे सभी उपहार या मनोरंजन में नीचे दिए गए मानकों का पालन किया जाना आवश्यक है:

- वे कानून सम्मत और प्रचलित व्यावसायिक व्यवहारों के संगत होने चाहिए
- वे बार-बार दिए गए या किसी एक स्रोत से बहुत बार, एक ही तरह का पैटर्न बनाकर दिए गए बिल्कुल नहीं हों
- उपहार मामूली मूल्य के - $100 USD से कम या विदेशी मुद्रा के बराबर होने चाहिए
- वे रिश्वत या घूस के समान दिखाई नहीं देते हों या उनसे किसी विशेष निर्णय या क्रिया को प्रभावित करने या पुरस्कृत करने का आभास नहीं मिलता हो
- वे अनुबंध की ऐसी बातचीत के दौरान बिल्कुल नहीं दिए जाने चाहिए, जिसमें आप शामिल हैं, या अनुबंध नवीनीकरण से शुरुआती तीन महीने के भीतर नहीं दिए जाने चाहिए
- वे नकद, या नकद के समतुल्य, उपहार कार्ड, उपहार प्रमाण पत्र ($50 USD से अधिक मूल्य) या उनके समान नहीं हो सकते हैं
- अगर उन्हें सार्वजनिक रूप से प्रकट किया जाता है, तो ये उचित होने चाहिए और इनसे कंपनी को परेशानी नहीं होनी चाहिए

उपहारों और मनोरंजन पर इस सामान्य कथन के अपवाद और आपत्तियाँ भी हैं। अधिक जानकारी, मार्गदर्शन और प्रतिबंधों के लिए कृपया आपकी उपहार और मनोरंजन नीति देखें।



# हितों का टकराव

कर्मचारी के रूप में, हर समय हमारी ज़िम्मेदारी कंपनी के सर्वोत्तम हित में काम करने की है। इस जिम्मेदारी में हितों के वास्तविक और समझे गए टकराव से बचना शामिल है, जो तब होता है जब हमारे निजी, सामाजिक, या वित्तीय हित कंपनी के हितों में बाधा डालते हैं या बाधा डालते हुए लगते हैं। चाहे आप कोई कर्मचारी, अधिकारी या निदेशक हों, आपकी ज़िम्मेदारी हर समय कंपनी के सर्वोत्तम हित में काम करने की है। हितों के संभावित टकराव के कुछ सामान्य उदाहरण ये हैं:

### बाहरी रोज़गार

बाहरी रोज़गार करना कंपनी के श्रेष्ठ हितों में कार्य करने की आपकी क्षमता में बाधा डाल सकता है या आपकी उत्पादकता कम कर सकता है, विशेष रूप से जब दूसरा रोज़गार प्रतिस्पर्धी समूह के साथ हो या काम के घंटे आपके कंपनी के कार्यदिवस में शामिल हों।

बाहरी रोज़गार, सिर्फ़ दूसरी पारंपरिक नौकरी पर ही लागू नहीं होता है–बल्कि इससे आशय स्व-रोज़गार, खुद के व्यवसाय या स्टार्ट-अप और ऐसी पेशेवर या परामर्श सेवाओं से भी है जो सामान्य कार्यदिवस के दौरान या उसके बाहर दी जा सकती हैं। यह समूह की कंपनी के संसाधनों को गैर-कंपनी व्यवसाय के लिए उपयोग करने की नीति का उल्लंघन है (काम के घंटों के दौरान समय सहित)।

यदि आप कंपनी के बाहर किसी दूसरे ऐसे रोज़गार पर विचार कर रहे हैं जिससे कोई टकराव पैदा हो सकता है, तो कृपया अपनी ब्रांड कंपनी प्रक्रिया के अनुसार हित टकराव प्रकटीकरण फ़ॉर्म पूरा करें।

### कॉर्पोरेट अवसर

कर्मचारी, अधिकारी और निदेशक ऐसे किसी व्यवसाय अवसर को लेने (या तृतीय पक्ष की ओर भेजने) से प्रतिबंधित हैं जिसे कॉर्पोरेट संपत्ति, सूचना या पद के उपयोग से पाया गया हो, जब तक कि कंपनी को पहले ही इस अवसर की पेशकश न की गई हो और कंपनी ने इसे ठुकरा न दिया हो। सामान्य शब्दों में, आप कंपनी की संपत्ति, सूचना या पद का उपयोग निजी लाभ और कंपनी से प्रतिस्पर्धा करने के लिए नहीं कर सकते।

कभी-कभी निजी और कंपनी अवसरों के बीच रेखा खींचना कठिन होता है, और कुछ गतिविधियों में निजी और कंपनी अवसर दोनों हो सकते हैं। कंपनी की संपत्ति, सूचना या अपने पद का ऐसा उपयोग करने से पहले जो पूरी तरह से कंपनी के लाभ में न हो, कृपया अपने प्रबंधक से सलाह लें।

### बाहरी संबद्धताएँ और वित्तीय हित

आपको सुनिश्चित करना होगा कि आपके निजी संबंधों, गतिविधियों और वित्तीय हितों का टकराव, कंपनी के सर्वोत्तम हितों के प्रति आपकी बाध्यताओं के साथ न हो।

Booking Holdings के प्रतियोगियों या आपूर्तिकर्ताओं में कर्मचारियों के महत्वपूर्ण वित्तीय हित नहीं हो सकते हैं।

**महत्वपूर्ण वित्तीय हित, ऐसे वित्तीय हित हैं जो:**

- आपके रोज़गार और कर्तव्यों को निष्पादित करने की आपकी क्षमता में हस्तक्षेप करते हैं
- कंपनी के हितों के साथ टकराव मोल लेते हैं
- कंपनी के सर्वोत्तम हितों में कार्य करने की आपकी क्षमता को प्रभावित करते हैं
- जिनसे कंपनी के व्यवसाय या प्रतिष्ठा को नुकसान होने का जोखिम हो

यदि आपको लगता है कि आप Booking Holdings के आपूर्तिकर्ता या प्रतियोगी में महत्वपूर्ण वित्तीय हित धारण कर सकते हैं, तो आपको हित टकराव प्रकटीकरण फ़ॉर्म पूरा करना होगा। यदि इस बारे में आपका कोई प्रश्न है कि महत्वपूर्ण वित्तीय हित क्या है, तो कृपया अपने अनुपालन और नैतिकता अधिकारी से संपर्क करें।

कर्मचारी ऐसे किसी भी संगठन के प्रबंधन/पर्यवेक्षीय निदेशक (या उनके समान प्राधिकरण या संस्था) बोर्ड में सेवा प्रदान नहीं कर सकते, जो कंपनी के लिए सामान या सेवाओं की आपूर्ति करता है या कंपनी के साथ प्रतिस्पर्धा करता है, जब तक कि वे वैश्विक अनुपालन और नैतिकता अधिकारी या मुख्य कानूनी अधिकारी से इस संबंध में स्वीकृति प्राप्त नहीं कर लेते हैं।

## पारिवारिक और व्यक्तिगत संबंध

आपको ऐसी स्थितियों से बचना चाहिए जहाँ पारिवारिक या व्यक्तिगत संबंध कंपनी के श्रेष्ठ हित में कार्य करने की आपकी बाध्यता के साथ संघर्ष करते हों या संघर्ष करते दिखाई देते हों। कुछ व्यक्तिगत संबंधों में ऐसा किया जा सकता है:

- कर्मचारियों के स्वतंत्र निर्णय में बाधा डालना
- कर्मचारी के मनोबल से जुड़ी परेशानी पैदा करना
- इससे हितों का टकराव करना या यहाँ तक कि यौन उत्पीड़न के दावे उत्पन्न होते हैं
- उन्हें गलत व्यवहार करके अयोग्य बताना
- अपनी पसंद के लोगों या रिश्तेदारों के लिए उनका विरोध करना

कंपनी कर्मचारियों से अपेक्षा करती है कि कर्मचारी व्यैक्तिक रूप से ज़िम्मेदारी लेते हैं कि वे ऐसा कोई भी कार्य नहीं करेंगे, जिससे कि कार्यस्थल नकारात्मक रूप से प्रभावित हो।

कर्मचारी के तौर पर, आपको किसी भी तरह से ऐसे व्यक्ति के लाइन प्रबंधन में शामिल नहीं होना चाहिए या उसके रोज़गार की स्थिति, नौकरी के दौरान मूल्यांकन, तनख्वाह या लाभ अथवा कार्य की दूसरी किसी भी स्थिति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने की कोशिश बिल्कुल नहीं करनी चाहिए जिसके साथ आपके निजी संबंध हों।।

### नोट बना लें

“निजी संबंध” संहिता के उद्देश्यों से ऐसे संबंध होते हैं, जिनका दायरा पेशेवर संबंधों से आगे का होता है। निजी संबंधों में ये शामिल हैं:

- परिवार या पारिवारिक संबंध (भाई-बहन, माता-पिता/बच्चे, पति/पत्नी, शादी किए बिना साथ रहने वाले जोड़े, जोड़ीदार, चचेरे-ममेरे भाई-बहन, भतीजा, भांजा, आंटी, अंकल, दादा-दादी, नाना-नानी, पोता-पोती या शादी करने से बने रिश्तेदार जैसे बीवी के भाई या बहनें)
- रोमांस और/या यौन संबंध रखने वाले लोग; या
- दूसरी तरह से निजी दोस्ती या संबंध रखने वाले लोग

आपको परिवार, मित्रों और करीबी रिश्तेदारों के साथ कंपनी के व्यवसाय से संबंधित किसी भी निर्णय में भाग लेना या उन्हें प्रभावित नहीं करना चाहिए। कंपनी सभी विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं और व्यावसायिक भागीदारों को प्रत्याशी की योग्यताओं के आधार पर चुनती है और उनके रोज़गार के बारे में निर्णय लेती है, किसी पारिवारिक संबंध या निजी संबंध के आधार पर नहीं।

कंपनी के किसी पद पर काबिज़ कोई भी कर्मचारी किसी भी ऐसे व्यक्ति के साथ, जिससे उसके व्यक्तिगत संबंध हों, व्यावसायिक लेन-देन करते समय कंपनी में अपने पद की वजह से अनुचित तरीके से लाभ हासिल नहीं कर सकता है।

स्टाफ़ के सदस्यों के बीच ऐसे रोमांटिक या यौन संबंध जिनमें एक व्यक्ति का दूसरे की रोज़गार की स्थितियों पर प्रभाव या नियंत्रण होता है, अनुपयुक्त होते हैं। इन संबंधों से, भले ही वे सहमति-आधारित हों, आख़िरकार कार्यस्थल पर टकराव या मुश्किलें पैदा हो सकती हैं, जिनसे Booking Holdings के वैध हितों पर प्रभाव पड़ सकता है। यदि ऐसा संबंध वर्तमान में मौजूद है या विकसित होता है, तो इसका प्रकटीकरण होना आवश्यक है।

पर्यवेक्षक या स्टाफ सदस्य जिसका दूसरे के रोज़गार की शर्तों पर प्रभाव या नियंत्रण है, उसका दायित्व है कि वह विभाग प्रमुख या प्रशासक के अगले स्तर मानव संसाधन या अनुपालन के साथ अपने संबंध का खुलासा करे (अपनी ब्रांड कंपनी प्रक्रिया के अनुसार)। रिश्ते में शामिल अन्य स्टाफ़ सदस्य को प्रशासक, मानव संसाधन, या अनुपालन (आपकी ब्रांड कंपनी प्रक्रिया के अनुसार) के अगले स्तर पर रिश्ते का खुलासा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

हालाँकि सहमति-से बनाए गए रोमांटिक या यौन संबंध में शामिल दोनों कर्मचारी ऐसे प्रकटीकरण के लिए व्यक्तिगत रूप से ज़िम्मेदार हैं, लेकिन इस तरह के संबंध की रिपोर्ट सुपरवाइज़र द्वारा नहीं किए जाने को कार्यस्थल के उसके प्रबंधन में गंभीर चूक और उचित आनुशासनिक कार्रवाई का आधार माना जाएगा।

इस विषय में और अधिक मार्गदर्शन के लिए कार्य संबंधी नीति में व्यक्तिगत संबंध देखें।

## THE RIGHT RESULTS THE RIGHT WAY

कर्मचारियों को ऐसे संबंधों, निवेशों और अवसरों से बचना चाहिए जहाँ निजी हित कंपनी के श्रेष्ठ हितों से संघर्ष करते हैं। यदि आपको प्रतिस्पर्धी निजी हितों के कारण कंपनी की ओर से उचित और निष्पक्ष व्यवसाय निर्णय लेने में कठिनाई महसूस हो रही हो, तो आपको स्थिति के समाधान के लिए तुरंत अपने प्रबंधक, HR सदस्य और/या अपने अनुपालन और नैतिकता अधिकारी से परामर्श करना चाहिए।

अंत में, यह समझना महत्वपूर्ण है कि जब परिस्थितियाँ बदलती हैं, तो ऐसी परिस्थिति जिसने पहले हितों का संघर्ष नहीं किया हो, अब हित संघर्ष कर सकती है। आप अपने प्रबंधक या अनुपालन और नैतिकता अधिकारी को ऐसी स्थिति के बारे में बताने के लिए बाध्य हैं जिसमें हितों का वास्तविक या संभावित टकराव पैदा हो सकता है या यहाँ तक कि हितों के संघर्ष का आभास पैदा हो सकता है।

अगर आपको किसी ऐसी स्थिति के बारे में जानकारी मिलती है, जिससे हितों का टकराव पैदा हो सकता है, तो कृपया अपनी ब्रांड कंपनी की प्रक्रिया के अनुसार हित के टकराव का प्रकटीकरण फ़ॉर्म पूरा करें। कई स्थितियों में संघर्ष को हल किया जा सकता है या आसान चरणों और/या नियंत्रणों द्वारा कम किया जा सकता है।

### राजनीतिक और अनुदान संबंधी गतिविधियां

कर्मचारी, राजनीतिक प्रक्रिया और अनुदान संबंधी गतिविधियों में भाग लेने के लिए स्वतंत्र हैं। हालाँकि, जब तक आप कंपनी-प्रायोजित या कंपनी-अधिकृत गतिविधियों में भाग नहीं लेते, तब तक आपको स्वयं के समय और अपने स्वयं के संसाधनों द्वारा ऐसा करना चाहिए। कंपनी की संपत्ति, उपकरण या समय का उपयोग निजी गतिविधियों के लिए करना अनुचित है। इसके अलावा, कर्मचारियों को व्यक्तिगत नागरिकों के रूप में राजनीतिक या अनुदान-संबंधी गतिविधियों में भाग लेना चाहिए अपने नियोक्ता के प्रतिनिधियों के रूप में नहीं।

कंपनी, कंपनी के हितों से जुड़े सार्वजनिक नीति के मुद्दों में शामिल हो सकती है और कानून और अपनी आंतरिक नीतियों के मुताबिक निदेशक मंडल या उसके द्वारा नियुक्त व्यक्ति की स्वीकृति से राजनीतिक और अनुदान संबंधी योगदान कर सकती है।

हम सभी प्रभावकारी कानूनों के अधीन है और अपनी ओर सरकारी अधिकारियों के साथ कार्य करने के लिए कर्मचारी या प्रभावकारी व्यक्ति नियुक्त कर सकता है। कंपनी, कंपनी के मुख्य कानूनी अधिकारी से विशेष प्राधिकार प्राप्त किए बिना Booking Holdings की ओर से किसी भी तरह के पक्ष-समर्थन की गतिविधियों में भाग लेने पर प्रतिबंध लगाती है।

# उचित प्रतिस्पर्धा और न्यायविरोधी



*समुद्र में 10,000 लीग!* *#underthesea #familyvacay #familyfun*
वर्जिन गोर्डा, ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स

# उचित प्रतियोगिता **और** न्यायविरोधी

हमारा मानना है कि हमारे ग्राहकों और अन्य बाज़ार प्रतिभागियों के लिए ईमानदारीपूर्ण और उचित प्रतिस्पर्धा अच्छी है और इससे हमारे प्रतिस्पर्धियों सहित हम में से हर एक की सर्वोत्तम क्षमता सामने आती है। हम बाज़ार स्थल में उचित तरीके और ईमानदारी से प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हमारी व्यावसायिक गतिविधियाँ पूरे विश्व में अधिकांश देशों में प्रतिस्पर्धा कानूनों के अधीन हैं। ये कानून प्रतिस्पर्धा को अनुचित रूप से रोकने या उसमें बाधा डालने वाले गतिविधियों को रोककर निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए बनाए गए हैं। प्रतिस्पर्धा कानून हमारे व्यवसाय के कई पहलूओं पर लागू होते हैं, जिसमें विक्रय, विपणन, अधिप्राप्ति, ठेकेदारी, और विलय और अधिग्रहण शामिल हैं। ये कानून निम्न के लिए विशिष्ट रूप से प्रतिस्पर्धारोधी समझौतों को निषिद्ध या प्रतिबंधित करते हैं:

- मूल्यों को स्थिर, समन्वयित या नियंत्रित करना
- कपटपूर्ण बोली लगाना या बोली का भाव बढ़ाना
- अन्य बाज़ार भागीदारों के विरुद्ध प्रतिस्पर्धा सीमित करना
- कीमतों, लाभों या लाभ सीमाओं के बारे में प्रतिस्पर्धियों से जानकारी साझा करना
- बाज़ार, क्षेत्र या ग्राहक बाँटना या आवंटित करना
- मूल्य से संबंधित अप्रकाशित सूचना या किसी अन्य प्रतिस्पर्धी जानकारी का प्रतियोगी के साथ आदान-प्रदान करना या उसे बताना

यद्यपि इन प्रतिस्पर्धा कानूनों की भावना एकदम स्पष्ट है, विशेष परिस्थितियों में उन्हें लागू करना बहुत जटिल हो सकता है। अमेरिका और EU सहित कई न्यायाधिकार क्षेत्रों में, प्रतिस्पर्धा कानूनों के उल्लंघन के परिणामस्वरूप गंभीर दीवानी दंड और साथ ही नुकसान की भरपाई के दंड लगाए जा सकते हैं और साथ ही आपराधिक सुनवाई में व्यक्तियों को आर्थिक दंड और जेल की सजा हो सकती है। अगर इस बारे में आपका कोई प्रश्न हो कि न्यायविरोधी और प्रतिस्पर्धा कानून किसी विशेष परिस्थिति में किस प्रकार लागू होते हैं, तो कृपया कार्रवाई करने से पहले हमारी वैश्विक प्रतिस्पर्धा नीति और दिशानिर्देश, देखें और कार्रवाई करने के पहले अपने कानून विभाग की सलाह लें।





# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

*चलें! #railwayheart #stazione #trainspotting*
रोमा टर्मिनी रेलवे स्टेशन, इटली

## अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

Booking Holdings' के व्यवसाय की अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति के कारण, हम उन देशों के कानूनों और प्रथाओं के अधीन हैं जहाँ हम प्रचालन करते हैं। इस तरह से हम उन देशों में लागू होने वाले सभी कानूनों को समझने और उनका पालन करने के लिए जिम्मेदार हैं। यदि स्थानीय कानून इस संहिता के सिद्धांतों या उस देश के कानूनों के साथ, जहाँ आपके समूह की कंपनी का मुख्यालय है, से टकराव होते दिखाई दें तो आप तुरंत अपने स्थानीय कानूनी विभाग से संपर्क करें।

## प्रतिबंधित देश और पक्ष

हम, US, EU, UN, नीदरलैंड्स, सिंगापुर और UK (या अन्य लागू कानूनों) द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों सहित लागू व्यापार प्रतिषेध और व्यापार प्रतिबंधों का अनुपालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ये कानून प्रतिबंधित देशों, सरकारों, व्यवसायों, और व्यक्तियों से सौदा करना प्रतिबंधित करते हैं।

इन कानूनों के अंतर्गत, हमारे विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य व्यवसाय भागीदारों और ग्राहकों के साथ संबंधों में समस्याएँ आ सकती हैं। हम प्रतिबंधों के अंतर्गत अलग-अलग देशों में अनुमति योग्य गतिविधियों के संबंध में आंतरिक दिशानिर्देश बनाए रखते हैं। इस क्षेत्र में आगे के मार्गदर्शन के लिए, आपको अपने कानूनी विभाग, वैश्विक अनुपालन और नैतिकता अधिकारी, या वैश्विक प्रतिबंध नीति से परामर्श लेना चाहिए।

## आयात, निर्यात और बहिष्कार

यदि आपकी भूमिका में राष्ट्रीय सीमाओं के बाहर सूचना प्रौद्योगिकी उपकरण, सॉफ़्टवेयर, प्रचार सामग्री या दूसरे उपकरण भेजना या प्राप्त करना शामिल है, तो लागू होने वाले आयात और निर्यात कानूनों (विशेष रूप से दोहरे उपयोग/सैन्य सामग्री के संबंध में) को जानने और समझने की ज़िम्मेदारी आपकी है। ये कानून, Booking Holdings की ब्रांड कंपनियों के अंतर्गत और उनके बीच स्थानांतरण पर लागू होने के साथ-साथ विक्रेताओं, लाइसेंसदाताओं और आपूर्तिकर्ताओं जैसे तृतीय पक्षों को होने वाले स्थानांतरणों पर भी लागू होते हैं। निर्यात नियंत्रण या आयात संबंधी कानूनों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों और व्यक्तियों पर गंभीर दीवानी और/या आपराधिक दंड लगाए जा सकते हैं। अगर आयात और निर्यात संबंधी मामलों या समस्याओं के बारे में आपका कोई प्रश्न है, तो अपने कानूनी विभाग या अनुपालन और नैतिकता विभाग से संपर्क करें।

आपको विशिष्ट देशों, सरकारों, व्यवसायों और व्यक्तियों के किसी भी गैर-कानूनी या अस्वीकृत बहिष्कार में भाग लेने के लिए सहमत होने से भी बचना चाहिए। यदि आपसे बहिष्कार में भाग लेने या उससे सहमत होने के लिए कहा जाता है, तो अपने कानूनी विभाग या वैश्विक अनुपालन और नैतिकता अधिकारी से संपर्क करें।

### THE RIGHT RESULTS THE RIGHT WAY

किसी भी प्रकार के व्यापार प्रतिबंधों का उल्लंघन करने पर उसमें लिप्त सभी कर्मचारियों, अधिकारियों और निदेशकों को गंभीर नागरिक दंड और क्षति की भरपाई करनी पड़ सकती है और साथ ही आपराधिक कार्रवाइयों में जुर्माने और कारावास की सज़ा भी हो सकती है।

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून जटिल और नेविगेट करने में कठिन हो सकते हैं। अगर आप ऐसे विभाग में कार्य करते हैं जो इन मामलों को प्रबंधित करता है, तो आपको ऐसे निर्णय लेने से पहले अपने कानूनी विभाग से परामर्श करना चाहिए, जो अंतर्राष्ट्रीय कानून या यू.एस. कानून विनियमन अंतर्राष्ट्रीय व्यवसाय का उल्लंघन कर सकते हैं।

अगर आप सुनिश्चित न हों, तो कार्य करने के पहले पूछ लें!




# अनधिकृत व्यापार

*मेरे लिए इससे बेहतर जगह कहीं नहीं #dogsleddingadventure #alaskamalamute #winterwonderland*
डॉग स्लेजिंग, कनाडा

# अनधिकृत व्यापार

हम आंतरिक खरीद-फरोख्त को सख्ती से प्रतिबंधित करते हैं। भेदिया व्यापार कानून व्यक्तियों को कंपनी के बारे में महत्वपूर्ण गैर सार्वजनिक जानकारी को अपने पास रखकर कंपनी की प्रतिभूतियों को खरीदने, या अन्यथा लाभ प्राप्त करने की मनाही करते हैं। कानून अन्य लोगों को महत्वपूर्ण गैर सार्वजनिक सूचना प्रकट करने ("गुप्त सूचना देना") की भी मनाही करते हैं जो फिर उस प्रकटन के आधार पर व्यापार करते हैं या अन्यथा लाभ कमाते हैं। टिप देने में किसी महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक सूचना की जानकारी होने पर, इसका कारोबार करने वाले अन्य व्यक्तियों को इसका सुझाव देना शामिल है, भले ही इसमें अंतर्निहित महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी का खुलासा न किया जाए।

हमारे कर्मचारियों को कभी भी गोपनीय या गैर सार्वजनिक जानकारी के आधार पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से Booking Holdings' की या किसी अन्य सार्वजनिक व्यापार कंपनी प्रतिभूतियों का व्यापार नहीं करना चाहिए। इसके अतिरिक्त जब तक आपको अधिकृत न किया जाए, आपको आपके कब्जे में हो सकने वाली कंपनी की गोपनीय सूचना को कभी प्रकट नहीं करना चाहिए या अन्यथा किसी को बताना नहीं चाहिए।




महत्वपूर्ण सूचना में वह सूचना शामिल है जिसका प्रतिभूतियों के मूल्य पर बड़ा प्रभाव हो सकता है या होने की संभावना है। जानकारी तब भी महत्वपूर्ण होती है जब इस बात की बहुत अधिक संभावना हो कि कोई विवेकशील व्यक्ति, इसे निवेश के नीचे दी गई स्थितियों सहित निर्णय करते समय विचार करेगा:

- मूल्य संवेदी सूचना
- व्यवसाय संवेदी सूचना
- प्रतिस्पर्धा संवेदी सूचना
- अप्रत्याशित वित्तीय परिणाम
- महत्वपूर्ण नए या खोए हुए अनुबंध
- प्रबंधन में महत्वपूर्ण परिवर्तन
- सरकारी जाँच (छापों सहित)
- लंबित महत्वपूर्ण मुकदमे या महत्वपूर्ण कानूनी निपटारे
- संभावित विलय, अधिग्रहण या विनिवेश
- महत्वपूर्ण नए उत्पाद या पेशकश

इस क्षेत्र में अधिक दाँव लगाए गए होते हैं, अनुपालन न किए जाने पर बहुत अधिक जुर्माना और कारावास हो सकता है, साथ ही कंपनी की आनुशासनिक कार्रवाई (जिसमें नौकरी से बर्खास्त करना शामिल हो सकता है) की जा सकती है। अगर इस विषय में आपका कोई सवाल है तो अपने कानून विभाग से परामर्श करें और Booking Holdings की प्रतिभूतियों को खरीदते या बेचते समय हमेशा अंदरूनी कारोबार नीति देखें।



# गोपनीयता और डेटा सुरक्षा

*आज का मूड अच्छा है। #cafeparisien #sundaymorningmood*
कैफ़े, पेरिस

# गोपनीयता और डेटा सुरक्षा

हम लाखों की संख्या में ग्राहकों की निजी जानकारी संग्रहित और संसाधित करते हैं, जिसमें नाम, क्रेडिट कार्ड जानकारी, ई-मेल पते और यात्रा सूचियाँ शामिल हैं। हमारे ग्राहक इस अपेक्षा से हमें अपनी निजी जानकारी देते हैं कि हम दुरुपयोग और/या अनधिकृत संसाधन से इसकी उपयुक्त सुरक्षा करेंगे। तदनुसार, कंपनी ग्राहकों, साथी कर्मचारियों और तीसरे पक्षों की व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करने, संसाधित करने और संभालने के दौरान लागू गोपनीयता और डेटा सुरक्षा कानूनों और हमारी अपनी व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा नीति और डेटा सुरक्षा नीतियों का पालन करती है।

कर्मचारियों को उनको दी गई सभी निजी जानकारी की निजता, सुरक्षा और गोपनीयता हर समय बनाए रखना चाहिए, केवल उन स्थितियों को छोड़कर जब प्रकटन अधिकृत और कानूनी आदेश से हो। इसके अलावा, कर्मचारियों के लिए यह आवश्यक है:

- सिर्फ़ विशिष्ट व्यावसायिक गतिविधि के लिए ही आवश्यक डेटा एकत्रित करें
- केवल मान्य व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए ही व्यक्तिगत जानकारी की एक्सेस प्राप्त करें
- व्यक्तिगत जानकारी और अन्य संवेदनशील डेटा का संग्रहण और निपटान सुरक्षित तरीके से करें
- व्यक्तिगत जानकारी सिर्फ़ उन अधिकृत पक्षों को ही ट्रांसमिट (संभावित जोखिमों के मामले में सुरक्षित रूप से एन्क्रिप्शन के माध्यम से) करें, जो वांछित उद्देश्य के लिए और इसकी गोपनीयता की रक्षा करने के लिए इसका उपयोग करने के लिए उत्तरदायी हैं
- किसी भी संभावित डेटा घटना या सुरक्षा जोखिम की रिपोर्ट उनके ब्रांड गोपनीयता अधिकारी को तुरंत करें

## हमारे गोपनीयता सिद्धांत


1. पारदर्शिता। हम अपने डेटा व्यवहारों के बारे में पारदर्शी हैं।
2. एंबेडेड गोपनीयता. हम अपने उत्पादों में शुरू से अंत तक गोपनीयता बनाए रखते हैं।
3. नियंत्रण। हम व्यक्तियों को नियंत्रण में रखते हैं, ताकि उनके पास विकल्प हों और उनकी जानकारी तक पहुंच हो।
4. सुरक्षा। हम व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा करते हैं।
5. उद्देश्य। हम केवल वही एकत्र करते हैं जिसकी हमें आवश्यकता होती है और हमारे प्रकट डेटा प्रथाओं के अनुसार आपके डेटा को संसाधित करने के लिए व्यक्तिगत डेटा का उपयोग करते हैं।
6. जवाबदेही। हम व्यक्तिगत डेटा की ज़िम्मेदारी लेते हैं और उसके साथ सही कार्य करते हैं।

## कर्मचारियों की व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा करना

हम, अपने कर्मचारियों की PI की गोपनीयता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए सोचे-समझे और ठोस प्रयास करते हैं।

जिन कर्मचारियों की पहुँच अपने सहकर्मियों की PI तक होती है या जो उसके साथ कार्य करते हैं, उनकी यह ज़िम्मेदारी होती है कि वे उस PI का उपयुक्त प्रबंधन करें और हमारी अपनी गोपनीयता और डेटा सुरक्षा नीतियों के अनुसार उसकी गोपनीयता की रक्षा करने के लिए सभी यथोचित सावधानियाँ बरतें।

यदि इस विषय पर आपका कोई प्रश्न हो या आप किसी संभावित डेटा सुरक्षा उल्लंघन रिपोर्ट करना चाहें, तो कृपया अपनी ब्रांड कंपनी की डेटा सुरक्षा नीतियाँ देखें या अपने प्रबंधक, आपके कानून विभाग और/या अपने सूचना सुरक्षा अधिकारी से संपर्क करें।



# कंपनी की संपत्तियों की सुरक्षा

*हर दिन का जश्न मनाना!* *#carnival #colorfullife #carnivalbrasiliero*
कार्निवाल, ब्राज़ील

## कंपनी की संपत्तियों की सुरक्षा

सभी कर्मचारियों, अधिकारियों और निदेशकों को कंपनी की संपत्तियों की रक्षा करनी चाहिए और उनका पर्याप्त रूप से उपयोग किया जाना सुनिश्चित करना चाहिए। कंपनी संपत्तियों में कार्यालय हेतु आपूर्तियाँ, उपकरण (लैपटॉप, मोबाइल फ़ोन आदि), संचार सिस्टम और वाहन संबंधित संसाधन साथ ही साथ मालिकाना जानकारी, वित्तीय संसाधन और कंपनी फ़ाइलें, रिकॉर्ड और दस्तावेज़ शामिल हैं।

## भौतिक संपत्ति

कर्मचारियों को कंपनी की संपत्तियों का उपयोग ज़िम्मेदारी के साथ करना चाहिए और कंपनी की संपत्ति को अपव्यय, दुरुपयोग या चोरी से बचाना चाहिए। जहाँ कंपनी की संपत्तियाँ सिर्फ़ कानून सम्मत व्यावसायिक कार्यों के लिए हैं, वहीं कंपनी आमतौर पर कर्मचारियों द्वारा फ़ोन, कंप्यूटर, इंटरनेट कनेक्शन, वॉइसमेल और ई-मेल सहित इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के यथोचित निजी उपयोग की अनुमति देती है।

कंपनी के संसाधनों के निजी उपयोग पर कुछ विभाग और देश के स्थान ज़्यादा सख्त प्रतिबंधात्मक नीतियाँ लागू कर सकते हैं, इसलिए यह पता करने के लिए कि क्या आपको ऐसे कार्यों के लिए कंपनी के संसाधनों का उपयोग करने की अनुमति है या नहीं, कृपया अपने प्रबंधक या विभागीय प्रमुख से संपर्क करें।

अगर आपके विभाग में सीमित निजी उपयोग की अनुमति है, तो यह संक्षिप्त और कभी-कभी ही होना चाहिए और इससे आपके कार्य या कंपनी के प्रति आपकी ज़िम्मेदारियों में बाधा नहीं पहुँचनी चाहिए।

लागू कानून का विषय होने के कारण कंपनी की प्रणालियों द्वारा कर्मचारी के संवाद पर नजर रखने और उसे देखने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

## मालिकाना जानकारी

कंपनी की संपत्तियों की सुरक्षा के प्रति हमारी बाध्यताओं में कंपनी की मालिकाना जानकारी की रक्षा करना शामिल है। इसमें सॉफ़्टवेयर कोड, पेटेंट, व्यापार रहस्य, व्यवसाय योजनाएँ, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क जैसी सभी बौद्धिक संपदाएँ शामिल हैं।

कंपनी की मालिकाना जानकारी अत्यधिक गोपनीय होती है, और इसका अनधिकृत या अनुचित प्रकटन हमारी भावी सफलता को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। आपको अपने कानूनी विभाग से उचित प्राधिकरण और गैर-प्रकटन अनुबंध के बिना कभी भी मालिकाना जानकारी प्रकट नहीं करनी चाहिए। कंपनी की मालिकाना जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने की आपकी जिम्मेदारी कंपनी के साथ आपका रोज़गार समाप्त होने के बाद भी जारी रहती है।

**नोट बना लें**

आपको अपने कानूनी विभाग से उचित प्राधिकरण और गैर-प्रकटन अनुबंध के बिना कभी भी मालिकाना जानकारी प्रकट नहीं करनी चाहिए।

## अन्य लोगों की बौद्धिक संपदा का सम्मान करना

हम तृतीय पक्षों की बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करेंगे और अन्य लोगों की बौद्धिक संपदा को जानबूझकर क्षति नहीं पहुँचाएंगे या अनुचित रूप से उपयोग नहीं करेंगे।

अधिकांश मामलों में, अगर आप किसी अन्य व्यक्ति या कंपनी की बौद्धिक संपदा का उपयोग करना चाहते हैं, तो हमें उसे खरीदना होगा या उसे उपयोग करने का लाइसेंस प्राप्त करना होगा। यह तय करना आपकी ज़िम्मेदारी है कि आप जिस बौद्धिक संपदा का उपयोग करना चाहते हैं, हम उसके स्वामी हैं या नहीं या हमारे पास उसका उपयोग करने का अधिकार है या नहीं। यदि आप सुनिश्चित नहीं हैं, तो अपने कानून विभाग से पूछें।

यदि हमारे पास किसी अन्य कंपनी या व्यक्ति की बौद्धिक संपदा का उपयोग करने का लाइसेंस है, तो आपको लाइसेंस में शामिल किसी भी सीमा और स्वामी द्वारा प्रदान किए गए उपयोग दिशानिर्देशों या अन्य प्रतिबंधों का पालन करना होगा।

## रिकॉर्ड का प्रबंधन

हममें से हर एक की सटीक व्यवसाय रिकॉर्ड और संचार बनाने तथा बनाए रखने की ज़िम्मेदारी है। कंपनी पूरे संगठन में बनाए गए दस्तावेज़ों के आधार पर महत्वपूर्ण व्यावसायिक निर्णय लेती है और उनका सटीक होना बहुत महत्वपूर्ण है। व्यावसायिक अभिलेखों के सामान्य उदाहरण हैं:

- खर्च की रिपोर्ट
- इनवॉइस
- समय रिकॉर्ड
- वित्तीय रिपोर्ट
- कर्मचारी फ़ाइल
- व्यावसायिक योजनाएँ
- संविदाएँ
- ग्राहक सूचियाँ

सभी रिकॉर्ड आपकी ब्रांड कंपनी की रिकॉर्ड संधारण नीति के अनुसार रखे और नष्ट किए जाने चाहिए। कभी भी संभावित गलत कार्य छुपाने या जाँच में बाधा डालने के लिए अभिलेख नष्ट नहीं किए जाने चाहिए।

मुकदमे या किसी जाँच से संबंधित होल्ड होने की स्थिति में, कानूनी होल्ड से संबंधित किसी भी व्यवसाय रिकॉर्ड को नष्ट करने के संबंध में कोई कार्रवाई को करने से पहले आपको किसी भी प्रासंगिक दस्तावेज़ को हटाना चाहिए और अपने कानूनी विभाग से परामर्श करना चाहिए।

अगर आपको कंपनी के रिकॉर्ड से जुड़ी जानकारी के उचित रखरखाव और उसे नष्ट करने के बारे में कुछ पूछना है, तो आपको अपने प्रबंधक या कानूनी विभाग से संपर्क करना चाहिए।





# निष्पक्ष सौदेबाजी

*हमें यहाँ आने में कुछ समय लगा, लेकिन यात्रा इसके योग्य थी। #seasideview #naturewalk*
समुद्र तट की सैर, स्वीडन

## निष्पक्ष सौदेबाजी

हम गैरकानूनी या अनैतिक व्यावसायिक तरीकों से प्रतिस्पर्धी लाभ लेने का प्रयास नहीं करते हैं। हम अपने ग्राहकों, सेवा प्रदाताओं, आपूर्तिकर्ताओं, प्रतियोगियों और ब्रांड कंपनी के अन्य कर्मचारियों के साथ उचित रूप से व्यवहार करने की कोशिश करनी चाहिए। हमें हेरा-फेरी, धोखाधड़ी, छिपाव, विशेषाधिकार प्राप्त जानकारी का दुरुपयोग करके या महत्वपूर्ण तथ्यों को ग़लत तरीके से प्रस्तुत करके किसी का अनुचित लाभ नहीं उठाना चाहिए।

अपने ग्राहकों के साथ हमारी प्रतिष्ठा हमारे द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में सही और पारदर्शी जानकारी प्रदान करने के प्रति हमारे आपसी सम्मान और हमारी प्रतिबद्धता पर आधारित है। हम सुनिश्चित करते हैं कि हमारे विज्ञापन, विपणन और अन्य प्रचार सामग्रियों में जानकारी हमेशा सटीक हो और कभी भी भ्रामक या धोखाधड़ीपूर्ण नहीं हो।

अपने प्रतिस्पर्धियों के बारे में जानना एक अच्छा व्यावसायिक अभ्यास है, लेकिन यह सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी जैसे समाचार रिपोर्ट और उद्योग सर्वेक्षणों के और हमेशा अमेरिका और विदेश में लागू सभी कानूनों और विनियमों के अनुपालन के आधार पर उचित रूप से ही किया जाना चाहिए। गैर-सार्वजनिक प्रतिस्पर्धी जानकारी में प्रतिस्पर्धियों के उत्पादों, सेवाओं, बाज़ार, मूल्य निर्धारण, व्यापार रहस्यों या व्यावसायिक योजनाओं के बारे में जानकारी शामिल हो सकती है।

हम जानकारी को खरीदकर या जानकारी का उपयोग करने का लाइसेंस प्राप्त करके अन्य लोगों से प्रतिस्पर्धी जानकारी का पता कर सकते हैं (जब तक कि उन्हें जानकारी साझा करने से प्रतिबंधित न किया गया हो)।

### कभी भी प्राप्त या उपयोग न करें:

- दूसरों की बातों को छिपकर सुनकर या किसी तृतीय पक्ष से या उसके बारे में अवांछित ईमेल जैसे अनैतिक माध्यमों से प्राप्त की गई जानकारी
- दूसरों की स्वामित्व जानकारी
- प्रतिफल, रोजगार देने के विचारों, उपहारों या किसी अन्य मूल्यवान वस्तु के बदले में प्राप्त हुई जानकारी
- नए भर्ती किए गए व्यक्ति से पूर्व नियोक्ता के बारे में निवेदित गैर-सार्वजनिक जानकारी
- तकनीकी या अभियांत्रिकी डेटा वाली जानकारी जो व्यापार गोपनीयता कानूनों द्वारा संरक्षित हो सकती है।





# सोशल मीडिया और सार्वजनिक संचार


*एयरपोर्ट के अभिवादन और अलविदा। #travelgram #airportlife*
परिवार, एयरपोर्ट

## सामाजिक मीडिया

कर्मचारियों को इंटरनेट, ब्लॉग, सोशल मीडिया जैसे कि Facebook और LinkedIn जैसी नेटवर्किंग साइटों पर सोशल मीडिया पर कंपनी से संबंधित टिप्पणी करते समय या पोस्ट करते समय अपने श्रेष्ठ विवेक का उपयोग करना चाहिए। आमतौर पर आपको कंपनी के मामलों के बारे में तब तक ब्लॉग या पोस्ट नहीं करना चाहिए, जब तक आप कंपनी के आधिकारिक प्रवक्ता न हों। अगर आपको टिप्पणियाँ करने के लिए प्राधिकृत किया जाता है, तो वे सभ्य होनी चाहिए और उनमें अश्लील, नीचा दिखाने, या परेशान करने वाली सामग्री नहीं होनी चाहिए। पोस्टिंग में कंपनी प्रदर्शन, व्यवसाय योजना, मूल्य निर्धारण आदि जैसी मालिकाना या गोपनीय जानकारी नहीं होनी चाहिए।

### व्यक्तिगत उपयोग

चूँकि हम अपने कर्मचारियों के गोपनीयता के अधिकार का सम्मान करते हैं, इसलिए हम आमतौर पर इस बात में रुचि नहीं लेते कि कर्मचारी कार्यालय के बाहर क्या करता है, जब तक कि इससे उसका कार्य प्रदर्शन प्रभावित न हो, या इससे हमारी प्रतिष्ठा या विधिसम्मत व्यावसायिक हितों को जोखिम पैदा न हो।




विशेष रूप से आपको ऐसी ऑनलाइन बातचीत में भाग लेते समय सावधान रहना चाहिए जिनमें Booking Holdings या आपकी ब्रांड कंपनी का संदर्भ दिया गया हो या जिन्हें कंपनी के उपकरण या कंपनी के नेटवर्क से पोस्ट किया गया हो। ध्यान रखें कि ऑनलाइन रूप से लोगों की तरफदारी करना जो कंपनी के हितों के विरुद्ध हो, संघर्ष उत्पन्न कर सकती है और उसके अनुशासनात्मक परिणाम हो सकते हैं।

भले ही हम सभी को अपने विचार और राय व्यक्त करने का अधिकार है, आपके द्वारा इंटरनेट पर पोस्ट की जाने वाली सार्वजनिक टिप्पणियों के लिए आप निजी तौर पर जिम्मेदार हैं। लागू कानून के अनुसार, कंपनी यह सुनिश्चित करने के लिए सोशल मीडिया और अन्य इंटरनेट साइटों पर नज़र रख सकता है कि पोस्टिंग कंपनी पर बुरा प्रभाव न डालती हो या इसकी प्रतिष्ठा को हानि न पहुँचाती हो।

और अधिक विवरण के लिए और अगर इस विषय के बारे में आपका कोई और सवाल हो, तो सोशल मीडिया नीति को देखें।


## जनता, निवेशकों और मीडिया के साथ संवाद

हमने कंपनी के लिए और कंपनी की ओर से बोलने के लिए कुछ प्रवक्ताओं को नामित किया है, और अनधिकृत कर्मचारियों को ऐसा करने से बचना चाहिए। सभी पूछताछ, मीडिया के प्रश्न और साक्षात्कार के अनुरोध आपकी ब्रांड कंपनी की जनसंपर्क टीम या आपके कानूनी विभाग को तुरंत निर्देशित कर दिए जाने चाहिए। और अधिक विवरण के लिए, कृपया हमारी कॉर्पोरेटसंचार नीति और दिशानिर्देश देखें।



# निष्कर्ष

*दर्शनीय स्थलों का सफल दिन! #belgiumtrip #livetotravel*
कैफ़े, बेल्जियम




हम सभी को नैतिक और कानूनी व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए मिल-जुल कर काम करना होगा कि हम हमेशा सही परिणाम, सही तरीका को हासिल करें। उस उद्देश्य के लिए, हमें इस संहिता का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए। हमेशा इन्हें याद रखें:

- कंपनी के उपलब्ध संसाधनों जैसे आपकी कर्मचारी पुस्तिका और दूसरी नीतियों का संदर्भ लें
- कानून और संहिता के संदिग्ध उल्लंघनों की तुरंत रिपोर्ट करें
- सहकर्मियों को उच्च नैतिक मानकों के लिए प्रतिबद्ध रहने हेतु प्रोत्साहित करें
- संदेह होने पर, कार्य करने के पहले पूछें!

## अन्य नीतियों के साथ छूट/टकराव

ऐसी दुर्लभ और अप्रत्याशित परिस्थितियाँ हो सकती हैं, जहाँ इस संहिता के प्रावधानों के लिए अपवाद की ज़रूरत हो। इन सीमित मामलों में, केवल निदेशक मंडल इस संहिता के प्रावधान में छूट दे सकते हैं। कंपनी, कानून द्वारा अपेक्षित रूप से तुरंत ऐसे किसी छूट का खुलासा करेगी।

संहिता के प्रावधानों और अन्य समूह या कंपनी की नीतियों में शामिल (आपके कर्मचारी पुस्तिका सहित) प्रावधानों के बीच टकराव की स्थिति में, संहिता में निहित प्रावधान और सिद्धांत मान्य होंगे। इस प्रकार के किसी टकराव की स्थिति में, आपका क़ानूनी विभाग और/या स्थानीय अनुपालन और आचार-नीति अधिकारी के पास यह व्याख्या करने का प्राथमिक अधिकार निहित है कि प्रथम दृष्टि से किसी विशिष्ट परिस्थिति में यह संहिता किस प्रकार लागू होगी और वैश्विक अनुपालन एवं आचार-नीति अधिकारी और/या मुख्य कानूनी अधिकारी द्वारा इसकी समीक्षा की जाएगी। संहिता की अंतिम व्याख्या का अधिकार Booking Holdings के निदेशक मंडल के पास होगा।

यह संहिता किसी भी तीसरे पक्ष को संविदात्मक या किसी अन्य रूप से कोई भी अधिकार नहीं देती है। संहिता के प्रावधान, कंपनी द्वारा उचित रूप से निर्धारित रूप में और लागू कानून के अनुसार, किसी भी समय संशोधन, अनुपूरक, परिवर्तन या परिवर्धन के अधीन हैं।

*यह आचार संहिता अंतिम बार 3 मार्च, 2023 को अपडेट की गई थी।*

BOOKING HOLDINGS